## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

**आवेदन की अंतिम तिथि 15/09/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



Advt.



**श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
**नर्सिंग**
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

**B.M. COLLEGE**
**B.Ed.**
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# झूमकर बरसे बादल, कई इलाकों में भरा पानी, सभी संभागों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समुद्र से तटीय इलाके में पहुंचने वाले सिस्टम के प्रभाव से राजधानी समेत प्रदेश का मौसम बिगड़ा हुआ है। सोमवार को दिनभर छाए बादल शाम होते ही घनघोर काली घटाओं में तब्दील हुए और जोरों की बारिश शुरू हो गई। घंटेभर तक शहर में झमाझम बरसात होने से आधा दर्जन से ज्यादा गली-मोहल्लों में पानी भर गया।

शहर में दो दिन में चार सेमी. से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है और जिले में बादल अब तक 837 मिमी. तक बरसे हैं यहां की औसत वर्षा 1051 मिमी. है, जिसमें 214 मिमी. का अंतर है। सितंबर के पहले सप्ताह में मानसून ब्रेक जैसी स्थिति थी। दूसरे सप्ताह में मानसून की गतिविधि बढ़ी और कई इलाकों में वर्षा होने लगी।

पिछले दो दिन से राजधानी का मौसम भी बदला हुआ है और यहां बादल जोरों के गरजने के साथ जमकर बरस भी रहे हैं। रविवार की रात तक शहर में तीन सेमी. से ज्यादा बरसात हुई थी। आज सुबह से बादल छाए रहे, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान थोड़ी गिरावट आई, मगर उमस बरकरार रही। शाम होने के बाद फिर मौसम में बदलाव

▶▶ शेष पेज 13 पर

### घंटेभर तक जोरों की बरसात, दो दिन में चार सेमी. से ज्यादा वर्षा

#### रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में अलर्ट

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले चौबीस घंटे में मध्य छत्तीसगढ़ यानी बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिले में भारी बारिश होने का अनुमान है। सिस्टम के ओडिशा और उत्तर छत्तीसगढ़ में पहुंचने की वजह से अगले दो दिन तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि रहने के आसार हैं। प्रदेश में अब तक 1054 मिमी. बारिश दर्ज की गई है, जो सीजन की औसत बारिश से 1142 से केवल 88 मिमी. कम है, जो वर्षा के इस चक्र में पूरी होने की गुंजाइश है।





### शहर की सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर पड़ रहा ज्यादा प्रभाव

# रायपुर पर बढ़ रहा बोझ, फ्लोटिंग आबादी ढाई से तीन लाख, सड़कें ठसाठस, सुविधाएं कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर की आबादी करीब 16 लाख है, लेकिन रोज काम धंधे के सिलसिले में गांवों से यहां आने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिसके कारण ट्रैफिक का दबाव ही नहीं बढ़ा है, बल्कि संसाधन भी कम पड़ रहे हैं। अनुमानित आंकड़े बताते हैं कि फ्लोटिंग आबादी ढाई लाख से ऊपर पहुंच चुकी है।

शहर की मौजूदा आबादी की तुलना में ही मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा की कमी बनी हुई है और दूसरी ओर शहर से लगे कई गांवों से नौकरी, मजदूरी करने के लिए लाखों की संख्या में हर रोज ग्रामीण यहां पहुंच रहे हैं। इन लोगों के शहर में प्रवेश करने से शहर की आबादी भी करीब 18-19 लाख तक पहुंच जाती है। इसके कारण शहर की सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर और ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण आम लोगों को हर दिन कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राजधानी रायपुर के लिए ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर आधारित नया मास्टर प्लान लागू किया गया है। यह मास्टर प्लान वर्ष 2031 तक 30 लाख जनसंख्या होने का आकलन करने के साथ भविष्य में लोगों

▶▶ शेष पेज 13 पर



**केस 1**

पुराना धमतरी रोड क्षेत्र में कमलविहार के आगे बोरियाखुर्द, बोरियकला, सेजबहार सहित दर्जनों गांव हैं। इन गांवों से हर रोज हजारों की संख्या में नौकरी एवं मजदूरी करने के लिए लोग पहुंचते हैं। इसके कारण संतोषीनगर से शहर की ओर आने वाला मार्ग सुबह 9 बजे से देर शाम तक व्यस्त रहता है।

**केस 2**

भाठागांव से आगे काठाडीह, मुर्रा, दतरेंगा सहित कई गांव के लोग भी हर रोज काम और नौकरी के लिए शहर आते हैं। इसके कारण भाठागांव से शहर के अंदर जाने वाला मार्ग अंडरब्रिज, बस स्टैंड, भगत सिंह चौक, चांदनी चौक से लाखेनगर और कालीबाड़ी जाने वाला मार्ग भी व्यस्त रहता है।

**केस 3**

इसके अलावा दुर्ग जिले के अमलेश्वर, पाटन सहित कई गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में रायपुर शहर आते हैं। इनमें से ज्यादातर लोग मजदूरी करने आते हैं। इसके कारण महादेव घाट रोड से लेकर शहर के अंदर जाने वाले मार्ग में दिनभर व्यस्त रहता है।

#### दो साल में 2 लाख बढ़ चुकी आबादी, सुविधा 75 प्रतिशत से कम

वर्ष 2011 में वर्ष 2021 के लिए बनाए मास्टर प्लान लागू किया गया था। इसके बाद कांग्रेस शासनकाल में वर्ष 2023 में वर्ष 2031 के लिए नया मास्टर प्लान तैयार कर लागू किया गया है, जबकि यह मास्टर प्लान वर्ष 2022 में बनकर लागू हो जाना था। इस तरह नए मास्टर प्लान को बनाने में जहां एक साल का विलंब किया गया है, वहीं इसे लागू करने में एक वर्ष और लगा दिया गया। इस तरह दो वर्ष के दौरान शहर में करीब दो लाख आबादी भी बढ़ चुकी है। देखा जाए तो शहर की जितनी आबादी वर्तमान में है, उसकी तुलना में सुविधाएं 75 प्रतिशत से भी कम है।

**सड़क दुर्घटना-अपराध भी बढ़ रहे**

सुविधाओं के साथ सुरक्षा की दृष्टि से शहर में आबादी की तुलना में पुलिस बल की संख्या भी बहुत कम है। थाना और पुलिस चौकियों में स्टॉफ की कमी के कारण सभी इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग भी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण अपराध का ग्राफ भी लगातार बढ़ रहा है। यहीं नहीं ट्रैफिक पुलिस बल की कमी के कारण शहर में सड़क दुर्घटनाओं में भी लगातार इजाफा होने लगा है।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र की रिमांड अवधि नौ दिनों तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। भिलाई विधायक की बलौदाबाजार कोर्ट ने चौथी बार न्यायिक रिमांड अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया है। गौरतलब है, भिलाई विधायक श्री यादव को बलौदाबाजार पुलिस ने 17 अगस्त को गिरफ्तार किया था, तब से भिलाई विधायक रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। भिलाई विधायक की रिमांड अवधि नौ दिनों तक के लिए बढ़ाई गई है। अगली सुनवाई अब 17 सितंबर को होगी।

- भिलाई विधायक की चौथी बार न्यायिक रिमांड अवधि बढ़ाई गई

भिलाई विधायक की कोर्ट में तीन सितंबर को सुनवाई हुई थी, तब उनकी रिमांड अवधि छह दिनों तक के लिए बढ़ाई गई थी। बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव की सोमवार को चौथी बार सुनवाई हुई है। देवेंद्र यादव के वकील अनादी शंकर मिश्रा के मुताबिक देवेंद्र यादव के खिलाफ पुलिस के पास कोई साक्ष्य नहीं है, इसलिए पुलिस चालान पेश करने में जानबूझकर देर कर रही है। गौरतलब है कि पुलिस ने भिलाई विधायक के खिलाफ बलौदाबाजार हिंसा मामले में गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। भिलाई विधायक की चौथी दफा भी वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई है।

## आलमारी का ताला तोड़ 30 हजार की चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ मकान का ताला तोड़ अलमारी में रखे 30 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना निवासी विवेक मिश्रा ने चोरी की शिकायतस दर्ज कराई है। विवेक ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुआ और कमरे में रखे अलामारी का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## खबर संक्षेप

### पांच किलो गांजा जब्त तीन गिरफ्तार




**रायपुर।** माना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन युवकों के कब्जे से पांच किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक, सेजबहार निवासी कान्हा साहू, महासमुंद निवासी नवनीतम साथुआ तथा पुरानी बस्ती निवासी राजेश साहू के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों को डूमरतराई के पास ट्रेस कर पकड़ा।

### पूर्व आईएएस टुटेजा की जमानत याचिका खरिज

**रायपुर।** शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने सोमवार को जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट बताया कि टुटेजा को जांच एजेंसी ने झूठे केस में फंसाया है। बचाव पक्ष के वकील ने टुटेजा के खिलाफ किसी भी प्रकार के प्रमाण नहीं मिलने के जानकारी कोर्ट को दी है। जांच एजेंसी के वकील ने उन्हें जमानत देने के बाद उसके विदेश भागने की आशंका जताई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### आश्रम से गायब किशोर पुलिस ने ढूंढ निकाला

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कन के तहत दो वर्ष पूर्व कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम से गायब किशोर की पतासाजी कर आश्रम प्रबंधन के सुपुर्द किया है। पुलिस के मुताबिक, 8 जून 2022 को आश्रम में रह रहे किशोर की पतासाजी कर आश्रम प्रबंधन के सुपुर्द किया है। आश्रम से गायब होने के बाद किशोर कुछ दिन राजनांदगांव में रहने के बाद उत्तरप्रदेश मऊ चला गया था। पिता की मृत्यु के बाद किशोर पुनः रायपुर आ गया था।

## पांच साल के बच्चे के हृदय के ऊपर ढाई किलो का ट्यूमर, एसीआई के डाक्टरों ने बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पांच साल के बच्चे के हृदय के ऊपर ढाई किलो का ट्यूमर होने से उसका जीवन कठिन हो गया था। इलाज की खातिर कई अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद माता-पिता एसीआई के सीटीवीएस विभाग पहुंचे। ट्यूमर हृदय से इतना चिपका हुआ था कि उसे बाहर निकालने के लिए सीने और पीठ में चीरा लगाना पड़ा। सर्जरी के दौरान जोखिम से निपटने के लिए हार्ट लंग्स मशीन को भी तैयार रखना पड़ा था। आंबेडकर अस्पताल से संबंधित हार्ट-चेस्ट एवं सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत

- कई अस्पतालों से निराश हो चुके थे माता-पिता, स्वस्थ होकर जाने लगा स्कूल

▶▶ शेष पेज 13 पर

#### दो साल से पीड़ित दूसरे मरीज को राहत

इसी विभाग के डाक्टरों ने एक 32 साल के मरीज को भी कुछ इसी तरह की समस्या से निजात दिलाई। जांजगीर-चांपा में रहने वाले मरीज को हृदय के ऊपर ट्यूमर था, जिसकी जानकारी उसे दो साल पहले हुई थी। वह सर्जरी की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। दस माह से छाती में भारीपन और खांसी के साथ सांस लेने में होने वाली तकलीफ की वजह से वह अस्पताल पहुंचा। बायें फेफड़े और उसकी मुख्य नस से चिपके इस ट्यूमर को बाहर निकालना कठिन काम था। ट्यूमर का वजन करीब डेढ़ किलो का था। ट्यूमर के साथ ही साथ आसपास फैले हुए लिम्फ नोड को भी अच्छी तरह से निकाला गया, जिससे पुनः कैंसर होने की संभावना न रहे। यह मरीज पूर्ण स्वस्थ्य होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो गया।

## नर्सिंग प्रवेश के लिए शुरू हुआ पंजीयन, जीएनएम एडमिशन की तारीख का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नर्सिंग कालेजों में बीएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग के तहत पंजीयन प्रक्रिया पूरी की जा रही है, मगर जीएनएम की 1800 सीटों में प्रवेश के लिए अब तक तारीख तय नहीं हो पाई है। इसके लिए स्वास्थ्य संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग को चिट्ठी भेजी गई थी, जिसका 39 दिन बाद भी कोई जवाब नहीं आया है।

- स्वास्थ्य संचालनालय ने भेजी चिट्ठी 39 दिन बाद भी नहीं आया जवाब

जानकारी के अनुसार इस बार नर्सिंग से संबंधित सभी विषयों में एडमिशन की प्रक्रिया 30 सितंबर तक पूरी की जानी है। बीएससी, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग आदि विषयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पूरी कराई जाती है। वहीं जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी (जीएनएम) में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा पूरी कराई जाती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से अपनी काउंसिलिंग के लिए

▶▶ शेष पेज 13 पर

## सशस्त्र बलों में भर्ती की आयु सीमा बढ़ी पांच साल आदेश जारी, अब 133 पदों के लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट ने सशस्त्र बल में भर्ती के लिए आयु में पांच साल की छूट के निर्णय पर अब पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये है कि आयु में यह छूट केवल एक बार के लिए है। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के लिए 133 पदों पर की जा रही भर्ती में इस प्रावधान का लाभ मिलेगा। इन पदों के लिए पूर्व में जनवरी फरवरी में आवेदन लिए जा चुके हैं। लेकिन अब पांच साल छूट का प्रावधान लागू होने के बाद इन पदों के लिए 20 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। जो पहले अधिक आयु की वजह से आवेदन नहीं कर पाए थे।

### पुलिस मुख्यालय ने जारी किया छूट का आदेश

- पहले आवेदन कर चुके लोगों को जरूरत नहीं



#### ओवर एज वाले कर सकेंगे आवेदन 20 तक

पुलिस मुख्यालय ने कैबिनेट के निर्णय के क्रियानव्यन में आदेश जारी कर दिया है। अब 133 पदों की भर्ती वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई इस भर्ती के लिए 1 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक आवेदन भी लिए गए थे। लेकिन इस समय जो लोग ओवर एज थे, यानि जिनकी आयु निर्धारित मापदंड से अधिक थी वे आवेदन के लिए पात्र नहीं थे, लेकिन अब ऐसे लोग जो पांच साल की छूट से पात्र हो गए हैं वे 9 सितंबर से लेकर 20 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुलिस मुख्यालय ने ये भी साफ किया है कि जो लोग पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन्हें फिर से आवेदन देने की जरूरत नहीं है।

#### ये है कैबिनेट का फैसला

मुख्यमंत्री श्री साय की अध्यक्षता में 9 जुलाई को हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अनारक्षित वर्ग को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिए 05 वर्ष की छूट एवं आरक्षित वर्ग को पहले से 05 वर्ष की आयु शिथिलीकरण के अतिरिक्त, एक बार के लिए, निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की और छूट प्रदान की जाएगी।

**रेंज साइबर पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया**

## यू-ट्यूब पर एड के माध्यम से एमआर की फ्रेंचाइजी देने का झांसा, सवा 14 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

यूट्यूब में एमआर की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर 14 लाख 30 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने दिल्ली से एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल दो अन्य जालसाज पूर्व में ठगी के आरोप में दिल्ली के जेल में बंद हैं। जालसाजों ने रायपुर के मेडिकल कारोबारी को पूरे स्टेट में एमआर नियुक्त करने फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर रायपुर में रीजनल ऑफिस खोलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया था।



- इंजीनियर के साथ 88 लाख ठगी के मामले में पुलिस ने 57 लाख रुपए होल्ड कराया

पुलिस के मुताबिक राजन असपिलिया की शिकायत पर दिल्ली से

▶▶ शेष पेज 13 पर


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दिए एल्यूमिनियम प्लांट हादसे की जांच के आदेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा जिले ग्राम सिलसिला में संचालित एल्युमिनियम प्लांट में हुए औद्योगिक हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इसके परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जांच दल का गठन किया गया है। गौरतलब है कि सरगुजा जिले के जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम सिलसिला में संचालित मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम प्लांट में 8 सितंबर की सुबह औद्योगिक हादसे में 4 लोगों की मृत्यु हुई थी। मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को घटना की त्वरित जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लुण्ड्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लुण्ड्रा, जिला श्रम पदाधिकारी अंबिकापुर, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अंबिकापुर और औद्योगिक एवं सुरक्षा अधिकारी अंबिकापुर को शामिल किया गया है। जांच दल के द्वारा घटना स्थल पर जाकर जांच कर प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।



### महाराष्ट्र चुनाव, पूर्व मंत्री डहरिया बने आब्जर्वर

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री शिव डहरिया को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री डहरिया ने इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा, मुझे ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। मैं इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व हमारे नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा एवं कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।



### डिप्टी सीएम साव अमेरिका रवाना

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार रात दिल्ली से अमेरिका रवाना हो गए। वे अमेरिका में एडीबी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह भी उनके साथ होंगे। डिप्टी सीएम साव 18 सितंबर को छत्तीसगढ़ लौटेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव पूर्व में अमेरिका दौरे पर जाने वाले थे, लेकिन वीजा को लेकर आई तकनीकी परेशानी की वजह से यात्रा टल गई थी। अमेरिका दूतावास ने अब वीजा कन्फर्म कर दिया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, वहां एडीबी के कार्यक्रम में सड़क परियोजनाओं को लेकर अध्ययन है। प्रवास के दौरान हम लोग यह भी देखेंगे कि सड़क को लेकर कम लागत, लेकिन अधिक प्रभावी किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह मेरा पहला अध्ययन दौरा है। उन्होंने बताया कि सेमिनार के अलावा न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन सहित कई शहरों में जाकर सड़क परियोजना और तकनीक का अध्ययन करेंगे। उसे छत्तीसगढ़ में लागू करने चर्चा करेंगे।



### नई भर्तियों की अनुमति निरस्त अब फिर से लेनी होगी अनुमति

**रायपुर।** राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य में सरकारी नौकरियों में भर्ती के संबंध एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन अब राज्य शासन द्वारा विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि जनवरी 2024 के पूर्व जिन पदों के वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त की गई है, किंतु भर्ती के संबंध में विज्ञापन प्रकाशन नहीं कराया गया है, ऐसी अनुमति को निरस्त मान्य करते हुए वित्त विभाग से पुनः अनुमति प्राप्त करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाए। इसी आदेश में ये भी कहा गया है रिक्त पदों की अनुमति के प्रस्ताव स्थायी वित्त निर्देश जो अप्रैल 2024 में जारी किया गया था, उसमें दिए गए प्रोफार्मा में पूर्ण जानकारी के साथ भेजा जाए।

# नए बजट को लेकर विभागों में तैयारी, नवंबर तक दिए जाएंगे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नए बजट को लेकर विभागों में प्रस्ताव की तैयारी शुरू हो गई है। 11 नवंबर तक वित्त विभाग को प्रस्ताव दिए जाने हैं। वित्त विभाग ने बजट तैयार करने के संबंध में कार्यक्रम जारी कर सभी विभागों से निर्धारित तिथि पर जानकारी मांगी है। कहा गया हैं कि नियत तिथि से 3 दिन पूर्व संबंधित बजट की जानकारी तथा आवयश्क प्रस्ताव विभाग को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराएं।

वित्त विभाग ने विभागों से 11 नवंबर तक प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद 16 से 27 दिसंबर तक सचिव स्तरीय चर्चा कर इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देगा।

## बजट तैयार करने सभी विभागों को 11 नवंबर तक देना है प्रस्ताव

### राजस्व बढ़ाने के उपायों पर चर्चा

बताया गया है कि अक्टूबर माह में विभागाध्यक्षों के साथ विभाग की राजस्व प्राप्तियों को बढ़ाने के संबध में चर्चा की जाएगी। प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों जिनमें विशेष सचिव, अपर सचिव संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। सभी विभागों से 8 नवंबर तक चर्चा के बाद विभागों को अपने बजट का पूरा प्रस्ताव 11 नवंबर तक वित्त विभाग के सामने प्रस्तुत करना होगा।




### प्रस्ताव आने के बाद विभागध्यक्ष स्तरीय चर्चा

वित्त विभाग के पास प्रस्ताव आने के बाद इसका परीक्षण कर विभागाध्यक्षों स्तर पर राजस्व प्राप्तियों पर अलग से चर्चा की जाएगी।अधिकारियों के सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बजट को अंतिम रूप देने से पूर्व अब तक विभागों के बकाया गारंटियों और अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी। सभी स्तर पर चर्चा के बाद वित्त विभाग मंत्री स्तरीय चर्चा वित्त मंत्री करेंगे, जो जनवरी के अंत तक चलेगी।

बताया गया है कि जो जानकारी मंगाई गई है, उनमें नवीन प्रस्ताव के संबंध में प्रस्ताव बनाकर दिया जाना है। वित्त विभाग ने सभी विभाग के डीडीओ को बजट एवं राजस्व प्राप्तियों के संबंध में अलग से ऑनलाइन प्रविष्टी के संबंध में लिंक प्रदाय किया गया है।

विभागों से कहा गया है कि 31 मार्च तक विभागाध्यक्ष एवं अधिनस्थ कार्यालयों के वाहनों, दूरभाष और कम्यूटरों की सूची स्वीकृत पदों की संरचना एवं अन्य परिसंपत्तियों की पूरी जानकारी ऑनलाइन और हार्ड कापी में वित्त विभाग को उपलब्ध कराई जाए। विभागों से कहा गया है कि राजस्व प्राप्तियों और वसूली के संबंध में 2025-26 के बजट प्रस्ताव 11 अक्टूबर तक दिया जाना है।

## कहा- राहुल गांधी भी अपनी पार्टी की महिलाओं को नहीं दिला पाते न्याय

# राधिका खेड़ा ने कहा- कांग्रेस घर की महिलाओं को न्याय नहीं दे सकती, कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई राधिका खेड़ा ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस घर की महिला को न्याय नहीं दे सकती। इनको प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी महिलाओं के हक में आवाज उठाने से डरते हैं। वे विदेश जाकर महिलाओं के हक की बात जरूर करते हैं, लेकिन अपनी पार्टी की महिलाओं को ही न्याय नहीं दिला पाते।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राधिका खेड़ा ने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय में महिलाओं को पीटा जाता है। मैं राहुल जी से पूछना चाहती हूं, महिलाओं के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने से पहले वे सोचते क्यों नहीं हैं। अपनी पार्टी की महिलाओं से कहते हैं, न्याय मत मांगो, चुप रहो। कांग्रेस भवन में अपने साथ हुई अभद्रता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। महिलाओं से कांग्रेस कार्यालय में अभद्रता की जाती रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार में गुंडों को बचाया जाता था।



### कांग्रेस में महिलाओं को नहीं मिलता न्याय

राधिका खेड़ा ने राजीव भवन में हुए गाली गलौज की घटना का वीडियो भी पत्रकारों को दिखाया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला नेत्री के साथ दुर्व्यवहार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, अर्चना गौतम की आवाज को भी दबाने की कोशिश की गई। उसे भी न्याय नहीं मिला। न्याय मांगने अर्चना गौतम के कांग्रेस मुख्यालय जाने पर कांग्रेस के गुंडों द्वारा उनकी पिटाई की जाती है। राधिका खेड़ा ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा, उन्हें कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने चुप रहने को कहा गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत करने पर उन्होंने कहा, तुम रायपुर छोड़कर चली जाओ। कांग्रेस अपना घर नहीं संभाल पा रही और प्रदेश के कानून व्यवस्था की बात कर रही। उन्होंने कहा, तत्कालीन सीएम न्याय दिलाना छोड़ ककका से कंस बन गए।

### कांग्रेस शासन काल में महिलाओं के खिलाफ घटनाएं छोटी लगती थीं : रंजना

पूर्व विधायक, रंजना साहू ने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महिलाओं के खिलाफ हुई घटनाएं छोटी लगती थीं। अभी कांग्रेस के लोग बेवजह हल्ला मचा रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में 3 वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं के खिलाफ 3 गुनी घटनाएं हुई थीं। कांग्रेस हमेशा से महिला विरोधी रही है। उनका डीएनए ही महिला विरोधी है।

**राधिका अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रहीं : वंदना राजपूत**

राधिका खेड़ा के आरोपों के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, कांग्रेस से भाजपा में गई राधिका खेड़ा अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रही है। यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके साथ कांग्रेस दफ्तर में किसी ने भी कोई अभद्रता नहीं की थी। उनको अपनी मां की कंपनी और चन्द्रखुरी पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बिल की चिंता थी, इसीलिए उन्होंने सारा षड्यंत्र रचा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर झूठे आरोप लगाया।

### बैज ने कहा- भाजपा के पास कांग्रेस से लड़ने कोई हथियार बाकी नहीं

महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा के इस बयान पर कि कांग्रेस पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही है और महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रही है, इस बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राधिका खेड़ा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। वहीं राधिका खेरा के प्रेस कांफ्रेंस पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, राधिका खेरा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। भाजपा के पास कोई हथियार बाकी नहीं है, जो कांग्रेस से लड़ सके, इसलिए लड़ने के लिए दिल्ली से उन्हें हथियार बुलाना पड़ रहा। अगर दिल्ली के हथियारों से भाजपा लड़ना चाहती है, तो हम छत्तीसगढ़ के हथियार के साथ तैयार हैं।



#### नक्सलियों की आड़ में मारे जा रहे आदिवासी

बस्तर में सीआरपीएफ की चार बटालियन तैनाती के मामले में श्री बैज ने कहा, बस्तर में पहले भी सीआरपीएफ की तैनाती होती रही है। सरकार नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़े, लेकिन निर्दोष आदिवासियों की जान नहीं जाना चाहिए। नक्सलियों की आड़ में लगातार आदिवासी मारे जा रहे हैं।

#### कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं

पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के खिलाफ अपराध दर्ज होने के मामले में बैज ने कहा, ये कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश है। पहले परीक्षण करना था, लेकिन सीधे एफआईआर कर दी। सरकार को समझ लेना चाहिए कांग्रेस के नेता डरने वाले नहीं हैं।

## देवलाल ठाकुर बोले

# कांग्रेस ने की आदिवासी उत्पीड़न की पराकाष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, बालोद जिले के डौण्डी के ग्राम घोटिया में शिक्षक दिवस के दिन प्रधान पाठक देवेंद्र कुमार कुमेटी की आत्महत्या के मामले ने एक बार फिर कांग्रेस के आदिवासी-विरोधी चरित्र को बेनकाब किया है। श्री ठाकुर ने कहा, अपने शासनकाल में कांग्रेस ने न केवल घपले-घोटाले करके प्रदेश के खजाने में डाका डाला, संगठित गिरोह की शक्ल में प्रदेशवासियों की खून-पसीने की कमाई लूटी, बल्कि व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को झांसा देकर लूट की सारी हदें पार कर दी।



श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस की सरकार में अनेक भ्रष्टाचार हुए पर अब एक नया भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इससे आदिवासी समाज के भाई को आत्महत्या करनी पड़ी। नौकरी के नाम पर उन्हें लूट गया। आखिर यह लूट किसने की। सुसाइड नोट में कांग्रेस सरकार के दिग्गज मंत्री मोहम्मद अकबर का नाम सामने आया है। मोहम्मद अकबर एवं उनके साथियों ने आदिवासी समाज के इस बेटे का इतना उत्पीड़न किया कि उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस की सरकार ने कदम-कदम पर आदिवासी समाज का जितना शोषण किया है, उसे आदिवासी समाज कभी नहीं भूलेगा और छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। यह घटना बेहद दुःखद है और कांग्रेस का यह कृत्य बहुत ही ज्यादा निंदनीय है। श्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस सरकार में मंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक भ्रष्टाचार में शामिल थे। इसी भ्रष्टाचार का असर आज आदिवासी समाज के एक बड़े तबके पर पड़ रहा है। आदिवासी शिक्षक की आत्महत्या इसी भ्रष्टाचार का नतीजा है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस मामले ने पूरे प्रदेश के आदिवासी समाज में गहरे आक्रोश और दुःख का माहौल पैदा कर दिया है। शिक्षक ने सुसाइड नोट में पूर्व वनमंत्री मोहम्मद अकबर समेत कई अन्य लोगों पर भ्रष्टाचार और नौकरी के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगाया है।

# उन्नत नस्ल की गाय तैयार कर खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार स्थापित किया जाए : रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में सोमवार को पशुओं के कल्याण कार्य संबंधी विषय पर चर्चा हुई है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य राम के. रघुवंशी ने बैठक में कहा कि उन्नत नस्ल की गाय तैयार करने पर प्रशासन फोकस करें। उन्नत नस्ल की गाय से दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में उन्नत नस्ल की गायों की खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार भी होना चाहिए। इस पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कहा कि इसके लिए गो अभयारण्य तैयार किया जा रहा है, जहां आवारा मवेशियों को रखा जाएगा और चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य प्रदेश दौरे पर आए हुए हैं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के



साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत विश्वदीप, पशुधन विभाग के संयुक्त संचालक शंकरलाल उईके सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जिले में डॉग एनिमल ब्रीडिंग कंट्रोल कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में 28 हजार 865 श्वान का बधियाकरण किया जा चुका है। साथ ही डॉग शेल्टर हाउस बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री रघुवंशी ने जिला प्रशासन के इस कार्य की सराहना की।

# युकां ने मांगा निगम चुनाव के लिए टिकट, जो सक्रिय नहीं उन्हें पद से हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को राजीव भवन में हुई। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा किए जाने के साथ ही नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए आने वाले तीन माह में कार्यों की रूपरेखा भी बनी। यूथ कांग्रेस की बैठक में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। यूथ कांग्रेस के सदस्यों को अधिक से अधिक टिकट देने की मांग करने पर सहमति बनी। इसके लिए उच्च स्तर पर चर्चा की गई।

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले चुनाव को देखते हुए हर महीने 1 तारीख से 5 तारीख के बीच ब्लॉक, विधानसभा एवं जिले की बैठक आवश्यक रूप से ली जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष आकाश




शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शाहिद व शशि सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोनू अवस्थी, विधि नामदेव, मोहम्मद जीशान, मानस पांडे, तुकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जो मेहनत कर रहे, उन्हें देंगे बड़ी जिम्मेदारी

प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा ने कहा, संगठन में जो सक्रिय तौर पर काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें दूसरी जिम्मेदारी दी जाएगी या फिर उन्हें पद से मुक्त किया जाएगा। जो संगठन के लिए सालों से मेहनत करते हुए कार्य कर रहे हैं, उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

# सक्रिय सदस्य बनने भाजपा में मची होड़

## हर कार्यकर्ता चाहता है उनके लिंक से बने जाएं 50 से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। दो चरणों में सामान्य सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाएं, ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए। हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा।

भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी



इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किस पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।

### सक्रिय सदस्य को ही मिलता है पद

*भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।*

## महिला कांग्रेस कल मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी

# कांग्रेस लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर दबाव बना रही है। अब महिला सुरक्षा को लेकर 10 सितंबर को महिला कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता कर सरकार की कमियों को जनता को बताएगी। इसी तरह 12 सिंतबर को फिर इसी मुद्दे को लेकर जिला मुख्यालयों में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस संगठन में जोरों पर तैयारी चल रही है।

कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह से सरकार की कमियों को लेकर लगातार सरकार के सांसद, दो बार के सांसद सरकार को पत्र लिखे हैं कि हमने जुमला पत्र में बिन्दुवार उल्लेख किया है, लेकिन पूरा नहीं हुआ है। सरकार को चेतावनी भी दी है कि ये मांग को तत्काल पूरी करें। सरकार के वर्तमान विधायक बढ़ते अपराध को लेकर सरकार को चिट्ठी लिखते हैं कि अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, इसलिये मेरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाया जाये।

### 12 को सीमेंट के बढ़े हुए दाम वापस लेने प्रदर्शन




### गांधी मैदान पर सभा के बाद सीएम हाउस घेराव करने निकलेंगे

*महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में सुबह 11 बजे सभा होगी, सभा के बाद 12:30 बजे प्रदेशभर से आई महिला कांग्रेस बहनें गांधी मैदान से मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए निकलेंगी। उन्होंने कहा, प्रदेशभर में महिलाएं बेटियां आक्रोशित हैं, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का खोखला नारा देने वाले आज आरोपियों को बचा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में बेटियां भय के वातावरण में रहने को मजबूर हैं। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, भिलाई, राजिम, सक्ति, रायगढ़, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार अनाचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।*

# नगरीय निकायों में डेढ़ सौ अभियंताओं के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने करीब 150 अभियंताओं के तबादला आदेश जारी किए हैं। इनमें सबसे अधिक 119 उप अभियंता हैं। अन्य में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, और सहायक अभियंता शामिल हैं। सूची इस प्रकार है- मनोज सिंह ठाकुर अधीक्षण अभियंता भिलाई से एजीएम रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, संजय शर्मा अधीक्षण अभियंता भिलाई से बिलासपुर, संजय बांगडे अधीक्षण अभियंता भिलाई से रायपुर, डीके सिंह अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर से कार्यपालन अभियंता अंबिकापुर, प्रमोद दुबे कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से प्रभारी अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर, अजीत कुमार तिग्गा कार्यपालन अभियंता जगदलपुर से कोरबा, शंकरदयाल शर्मा कार्यपालन अभियंता भाटापारा से महासमुंद, संजय अग्रवाल मैनेजर स्मार्ट सिटी रायपुर से कार्यपालन अभियंता भिलाई, विजय खलको कार्यपालन अभियंता धमतरी से बिलासपुर, पद्माकर श्रीवास कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, एमपी गोस्वामी कार्यपालन अभियंता सूडा नवा रायपुर से दुर्ग, मो. इमरान खान कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, अरुण कुमार शर्मा कार्यपालन अभियंता कोरबा से बिलासपुर, एमपी देवांगन कार्यपालन अभियंता रिसाली से भिलाई, प्रवीण शुक्ला कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से अंबिकापुर स्थानांतरित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सदस्यता अभियान की प्रगति की आज दिल्ली में होगी समीक्षा




**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान की मंगलवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में समीक्षा की जाएगी। समीक्षा बैठक में शामिल होने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय व सदस्यता अभियान प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव व सांसद रूप कुमारी चौधरी दिल्ली जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, प्रदेश में जारी सदस्यता अभियान की अब तक की कुल प्रगति पर चर्चा की जाएगी व इस पर और भी आगामी योजना बनाई जाएगी।

### सदस्यता अभियान का मिल रहा सार्थक प्रतिसाद

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश के सभी संगठन जिलों व बूथ, शक्ति केंद्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में आमजन भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। अब तक प्रदेश में करीब 7 लाख सदस्य जुड़ चुके हैं और लगातार अभियान से जुड़कर सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और मजबूती से जुटें।



### विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा मंगलवार 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित है। यह सम्मेलन बुढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा।

### मिनीडोर की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम मिनीडोर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल एक साइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना दिनांक को मूलतः जशपुर बगीचा निवासी दिलीप किंडो की एक्सीडेंट में मौत हुई है। दिलीप घटना दिनांक को साइकिल से जा रहा था। सिलतरा बायपास के पास मिनीडोर सीजी-04 पीए-8110 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दिलीप के साइकिल को ठोकर मार दी।

### कार की ठोकर से तीन साल की मासूम की मौत

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कार की ठोकर लगने से तीन साल की एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक चला रहा बच्ची का पिता घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, कार की ठोकर लगने से तीन साल की बच्ची योगिता उर्फ सोना बारले की मौत हुई है। मासूम के पिता दिनेश ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को वह अपनी बेटी को बाइक पर बैठाकर सामान लेने निकला था। उमरिया के पास कार सीजी 04 एनपी 2041 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से दिनेश की बेटी बाइक से सिर के बल गिर गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने योगिता को मृत घोषित कर दिया।

## निधन

### सोनी बाई सोनकर

**रायपुर।** लाखेनगर सोनकर पारा निवासी सोनी बाई सोनकर (97) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मोहन सोनकर की माता एवं प्रेस फोटोग्रॉफर राजेश सोनकर, राजीव सोनकर, राजेंद्र सोनकर की दादी थीं।



# 16 कोच के साथ रवाना होगी वंदे भारत, ट्रायल में लोगों को जोड़ने हर स्टेशन पर रुकेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## 15 सितंबर को सुबह 10:30 बजे दुर्ग से विशाखापट्नम के लिए रवाना होगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**खास खबर**

दुर्ग से विशाखापट्नम के लिए वंदे भारत का ट्रायल परिचालन 15 सितंबर को होगा। सोमवार को मंडल में अधिकारियों के बीच वंदे भारत ट्रेन को लेकर बैठक हुई, जिसमें तैयारी को लेकर रूपरेखा बनाई गई। जानकारी मुताबिक यह जोन की दूसरी वंदे भारत 16 कोच के साथ चलेगी। वर्तमान में बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत में 8 कोच ही है। नई वंदे भारत से लोगों को जोड़ने के लिए ट्रायल के दिन सभी स्टेशनों में रोका जाएगा, ताकि ट्रेन के बारे में लोगों को जानकारी मिले। यात्री भी दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच सफर करेंगे। मंडल के अधिकारियों के मुताबिक परिचालन को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। किराया और यह ट्रेन सप्ताह में कितने दिन चलेगी जानकारी एक से दो दिनों के बीच में स्पष्ट हो जाएगा। विभाग मेंटेनेंस और टिकट बुकिंग को लेकर अपनी तैयारी कर चुका है।

### आरंग और नया रायपुर के यात्रियों के लिए लखोली स्टेशन करीब

दो साल पहले जब बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदे भारत का परिचालन शुरू हुआ था, उस समय इस ट्रेन को देखने और चढ़ने को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। इसीलिए इस बार भी पहले दिन सभी स्टेशनों में ट्रेन का स्टॉपेज रखा गया है। दुर्ग-विशाखापट्नम छोटे स्टेशन लखोली, महासमुंद है। लखोली में आमतौर पर लोकल ट्रेन रुकती है, लेकिन अब यहां वंदे भारत का स्टॉपेज दिया है, ताकि आरंग और नया रायपुर के यात्रियों को रायपुर आना न पड़े। यह ट्रेन खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम और विजयानगरम रेलवे स्टेशन पर रुकते हुए विशाखापट्नम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।



### नई वंदे भारत सुरक्षा कवच से लैस

वंदे भारत में यात्रियों को खाना और नाश्ते की सुविधा रहेगी। फ्री में पानी भी मिलेगा। आधुनिक सुविधा के अनुसार इसे बनाया गया है। नई ट्रेन में सुरक्षा कवच लगा हुआ है। पीएम श्री मोदी टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, वाराणसी-देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-ब्रह्मपुर और रांची-गोड्डा, आगरा-बनारस, हावड़ा-गया, हावड़ा-भागलपुर, दुर्ग-वीएसकेपी, हुबली-सिकंदराबाद, पुणे-नागपुर रूट के लिए हरी झंडी दिखाएंगे। 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन सेवा की शुरुआत की थी, यह ट्रेन बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर रूट पर चलने वाली पहली और देश की छठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस थी।

## कलेक्टोरेट परिसर में हाईटेक 5 मंजिल पंजीयन बिल्डिंग का निर्माण कार्य जारी

# एसी वेटिंग हॉल में डिस्प्ले बोर्ड पर नंबर देखकर करा पाएंगे रजिस्ट्री, धूप-गर्मी, भीड़ से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

रजिस्ट्री कराने कलेक्टोरेट स्थित पंजीयन दफ्तर पहुंचने वाले लोगों को उमस-गर्मी, धूप, बारिश और भीड़ से एक साल के भीतर मुक्ति मिलेगी। कलेक्टोरेट परिसर में हाईटेक 5 मंजिल नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस बिल्डिंग में रजिस्ट्री कराने पहुंचने वालों के बैठने के लिए बड़ा हॉल बनाया जा रहा है, जो एसीयुक्त होगा। यहां बैठकर लोगों को न केवल उमस, गर्मी, धूप और बारिश से राहत मिलेगी, बल्कि पुराने पंजीयन दफ्तर के छोटे-छोटे उप पंजीयक के कोर्ट रूम में भीड़ में खड़े रहने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। लोगों को एसी हॉल में बैठे-बैठे रजिस्ट्री कराने संबंधी सीरियल नंबर की जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए हॉल में रेलवे टिकट आरक्षण केंद्र की तर्ज पर डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाएगा। इस बोर्ड में रजिस्ट्री कराने लिए गए अपाइंटमेंट नंबर डिस्प्ले होते रहेंगे, जिसे देखकर रजिस्ट्री कराने उप पंजीयक कोर्ट रूम में जाकर रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इससे लोगों को भीड़ से भी मुक्ति मिलेगी।


निर्माण स्थल

### रोज डेढ़ से ढाई सौ होती है रजिस्ट्री

रायपुर पंजीयन दफ्तर में औसतन हर रोज डेढ़ से ढाई सौ के करीब रजिस्ट्री होती है, वहीं दीपावली, नवरात्रि सहित अन्य त्योहारों के दौरान यह आंकड़ा 5 सौ से 6 सौ तक पहुंच जाता है। इसके कारण हर रोज रजिस्ट्री के सभी उप पंजीयक के कोर्ट रूम से लेकर वेटिंग हॉल स्टाम्प रूम से लेकर भवन के बाहर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। नई बिल्डिंग में बड़ा एसी वेटिंग हॉल बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

### बिल्डिंग के बेस का काम जारी

कलेक्टोरेट परिसर में बने रजिस्ट्री दफ्तर के सामने ही खाली जमीन पर नई हाईटेक बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। बिल्डिंग के बेस का काम तेज गति से चल रहा है।

### करीब 10 करोड़ की लागत से बन रही बिल्डिंग

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पांच मंजिल रजिस्ट्री भवन के लिए कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृति दी गई थी। इस बिल्डिंग के लिए वर्ष 2023 में 9 करोड़ 16 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस स्वीकृति के बाद बिल्डिंग का निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंपी गई है।

### डेढ़ साल बाद शुरू हुआ निर्माण कार्य

हाईटेक रजिस्ट्री बिल्डिंग का निर्माण के लिए टेंडर मार्च में दिया गया है, लेकिन विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के कारण इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। चुनाव के बाद भी नई सरकार के आने के बाद कुछ महीने तक इसका काम अटका रहा। इस बीच लोकसभा चुनाव आ गया। इसके कारण फिर बिल्डिंग का निर्माण अटक गया। चुनाव खत्म होने के बाद एक-दो माह बाद भी इसका निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया था, लेकिन अगस्त माह से बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस तरह स्वीकृत होने के करीब डेढ़ साल बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

### सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेगी बिल्डिंग

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नई हाईटेक बिल्डिंग सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगी। एसी वेटिंग हॉल से लेकर, कोर्ट रूम, परिसर, स्टाम्प रूम, रिकॉर्ड रूम, कैश काउंटर सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बिल्डिंग में लोगों के लिए वाटर फिल्टर की सुविधा भी रहेगी, ताकि पेयजल के लिए किसी को भटकना नहीं पड़े।

### लोगों को बड़ी राहत मिलेगी

नए हाईटेक पंजीयन बिल्डिंग बनने से उप पंजीयक व कर्मचारियों को अच्छी सुविधा मिलेगी, साथ ही रजिस्ट्री कराने पहुंचने वाले लोगों को भी गर्मी-बारिश, धूप के साथ भीड़ से राहत मिलेगी। सालभर में बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

*- आशुतोष कौशिक, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर*

## शिक्षण संस्थान के सौ मीटर के दायरे में तंबाकू प्रतिबंधित

# पान मसाला के साथ जर्दा की बिक्री खुलेआम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षण संस्थानों के सौ मीटर के दायरे में तंबाकू संबंधित उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है, मगर पान मसाला के साथ जर्दा की पुड़िया बिक्री खुलेआम की जा रही है। शिक्षण संस्थानों के आसपास दुकानों में इन रंगीन पान मसाले की लड़ी सामान्य से रूप से सजी नजर आती है।

- कमजोर पड़ रहा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का अभियान

राज्य में गुटखा प्रतिबंधित है, मगर पान मसालों से जर्दा की अलग पुड़िया की बिक्री की जा रही है। इसी तरह तंबाकू मिश्रित पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर परिणाम का हवाला देकर इससे शिक्षण संस्थानों को मुक्त रखने के लिए अभियान की शुरुआत की गई थी। प्रारंभ में शिक्षण संस्थानों के सौ मीटर के दायरे में आने वाले पान दुकानों को बंद करा दिया गया था, मगर बाद भी इसमें ढील दे दी गई। इन संस्थानों के बाहर की दुकानों में तंबाकू की बिक्री तो नहीं की जा रही है, मगर पान-मसाला के साथ जर्दा युक्त पुड़ियों की बिक्री जारी है। मौदहापारा क्षेत्र के दो शिक्षण संस्थानों के आसपास कई दुकानों में पान-मसाला और जर्दा की लड़ी लटकी नजर आती है। इन मामलों में जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक कोई पड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।



### कैंसर पीड़ितों में 20 फीसदी तक युवा

जानकारी के अनुसार देश में हर साल कैंसर के करीब एक लाख मामले सामने आते हैं। इनमें 50 से 60 फीसदी प्रकरणों में बीमारी की वजह तंबाकू अथवा उससे बनने वाले उत्पाद का उपयोग होता है। इन आंकड़ों में 15 से 29 साल की आयु वालों की संख्या दस से 20 प्रतिशत होती है।

### यह है नियम

शिक्षण संस्थानों और सरकारी कार्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए उसके आसपास के सौ मीटर के दायरे में इससे संबंधित सामग्री की बिक्री प्रतिबंधित की जाती है। इस नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है, जो महज औपचारिकता नजर आ रही है।

# मवेशी पकड़ने ठेके पर रखे 40 कर्मचारी तीन माह के लिए 27 लाख में ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए कर्मचारी का टोटा दूर करने नगर निगम 40 अतिरिक्त कर्मचारी और 10 वाहन चालक प्लेसमेंट पर रख रहा है। 3 माह की अवधि में इस कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसी को नगर निगम 27 लाख रुपये का भुगतान करेगा। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग इसके लिए वर्क आर्डर जारी करेगा।

- काउकेचर के लिए 10 वाहन चालक भी शामिल

राजधानी के प्रमुख मार्ग, आउटर के इलाके सहित रहवासी इलाके में सड़क पर मंडराते मवेशियों के झुंड और सांड को पकड़ने में पस्त नगर निगम अब 10 जोन के लिए 40 अतिरिक्त कर्मचारी मवेशी पकड़ने के लिए ठेके पर रखेगा। इस बार प्रोफेसनल लोगों को इस कार्य का जिम्मा देने की तैयारी है।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के मुताबिक वीआईपी इलाका और एयरपोर्ट तथा विधानसभा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही व वीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए जोन 9 और जोन 10 को मवेशी पकड़ने 10-10 अतिरिक्त कर्मचारी दिये जा रहे हैं, जबकि बाकी के 8 जोन को 20 कर्मचारी उपलब्ध कराये जायेंगे। शांति टेडर्स को इस कार्य के लिए 27 लाख में ठेका दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी काउकेचर के लिए 10 वाहन चालक प्लेसमेंट पर उपलब्ध करायेगी।



### मंगाई है कर्मचारियों की सूची

सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों की धरपकड़ करने अनुबंधित एजेंसी से कर्मचारियों की सूची मांगी गई है। कर्मचारी उपलब्ध होते ही शहर में दो पाली में मवेशियों की धरपकड़ का अभियान शुरू हो जायेगा। सूत्रों के मुताबिक निगम मुख्यालय व जोन की ज्वाइंट टीम पुलिस बल के साथ मिलकर दूसरी पाली में शाम के समय मवेशियों को पकड़कर काउकेचर से गोठान भिजवायेगी।

### सांडों के झगड़े में बाइक सवार गिरा था नाले में

कुशालपुर से प्रोफेसर कालोनी जारने वाले मार्ग पर रविवार को 2 सांड भिड़ गये। वहां से निकल रहे एक बाइक सवार को भी सांडों ने टक्कर मारी। इससे बाइक सवार पास के नाले में गिर गया। आसपास के लोगों ने बाइक सवार और बाइक को बाहर निकाला। इस दौरान सवार को चोट भी आई। राजधानी रायपुर में मवेशियों के झुंड और सांड के उत्पात से लोग परेशान हैं।

## निगम सीमांकन तक नहीं करा पाया अतिक्रमण का खतरा

# टुकड़ों में बिखरी 100 एकड़ बेशकीमती जमीन, संरक्षित करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नगर निवेश महकमे के अफसर ईडब्लूएस के तहत नगर निगम को मिली 100 एकड़ बेशकीमती जमीन संभाल नहीं पा रहे। शहर के अलग-अलग 118 लोकेशन पर कालोनाइजरों व बिल्डरों ने प्रोजेक्ट लाते समय 15 फीसदी जमीन ईडब्लूएस के तहत गरीबों के लिए आवास बनाने छोड़ रखी है, पर टुकड़ों में बिखरी इस बेशकीमती जमीन का सीमांकन नहीं हो पाया। केवल कागजों पर इसके उपयोग की प्लानिंग एक अरसे से धूल खाते पड़ी है। 2012 से 2022 के बीच टुकड़ों में मौजूद इन भूखंडों की रजिस्ट्री बाकायदा नगर निगम के नाम की जा चुकी है। शहर में जहां एक-एक इंच जमीन को लेकर मारामारी मची है, वहीं गरीबों के हक की 40 हेक्टेयर यानी 100 एकड़ जमीन को सुरक्षित रखने सीमांकन की बेहद जरूरत है, जबकि इस बात की न महापौर को चिंता है, न ही निगम प्रशासन की दिलचस्पी। इससे इन जमीनों पर अतिक्रमण का खतरा बना हुआ है।




### शासन स्तर पर लिया जाना है निर्णय

नगर निगम को ईडब्लूएस के तहत शहर के 118 लोकेशन पर 40 हेक्टेयर जमीन मिली है। इन भूखंडों के संबंध में शासन स्तर पर निर्णय लिया जाना है।

*- आभाष मिश्रा, नगर निवेशक नगर निगम रायपुर*

### जमीन को संरक्षित करने की जरूरत

ईडब्लूएस श्रेणी में कालोनाइजर व बिल्डरों ने नियम के तहत पूर्व में 15 फीसदी भूखंड निगम के नाम रजिस्ट्री कराई है, टुकड़ों में बिखरी इन कीमती जमीनों का सीमांकन कराकर संरक्षण करने की जरूरत है। भूमाफिया की इन जमीन पर नजर है। भूखंडों को अतिक्रमण से बचाने बाउंड्रीवाल किया जाये।

*- श्रीकुमार मेनन, अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नगर निगम रायपुर*

### निगम के नाम रजिस्टर्ड ईडब्लूएस की जमीन पर एक नजर

| बिल्डर्स डेव्हलपर्स का नाम | सौंपे गये ईडब्लूएस भूमि का क्षेत्रफल |
|---|---|
| मेसर्स मणिधारी बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स गोंदवारा | 0.1840 |
| मणकश्या बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स गुढ़ियारी | 0.1004 |
| आधारशिला डेव्हलपर्स फाफाडीह | 0.2128 |
| कृष्णा बिल्डर्स पहाड़ी चौक जनता कालोनी गुढ़ियारी | 0.1209 |
| आरती इंफ्रास्ट्रक्चर व बिल्डकॉन शंकरनगर | 0.2090 |
| ——————————— शंकरनगर | 0.0810 |
| आर्यन प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स तेलीबांधा | 0.0811 |
| मेसर्स आधारशिला इंफ्रोप्रोजेक्टस भाठागांव | 0.2231 |
| अमरगंगा बिल्डर्स एंड प्रापर्टीज टिकरापारा | 0.2240 |
| मेसर्स बीआरएम बिल्डर्स मठपुरैना | 0 .3321 |
| सिमरन कंस्ट्रक्शन मठपुरैना | 0.1920 |
| सिंघानिया बिल्डकॉन भाठागांव | 0.0684 |
| प्रतीक बिल्डकॉन डूमरतालाब | 0.0785 |
| गौरव प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स टाटीबंध | 0.3280 |
| कृष्णा बिल्डर्स गुढ़ियारी | 0 .2578 |
| एसएएस बिल्डकॉन रायपुरा | 0.1108 |
| कंचन कंप्लेक्स डूमरतालाब | 0 .3278 |
| फारच्यून बिल्डकान डूमरतालाब | 0.5163 |
| हरिओम सांई गृह निर्माण सहकारी समिति सोनडोंगरी | 0.2650 |
| अविनाश डेव्हलपर्स जरवाय, हीरापुर | 0.2372 |
| —————— कोटा | 0.1431 |
| वालफोर्ट प्रापर्टीज सरोना | 1.3860 |
| मेसर्स आगस्ट प्रोजेक्ट लभांडी | 0.6286 |
| स्टीम्ड डेव्हलपर्स तेलीबांधा | 0.1920 |
| शंखनील रियलटर्स कचना | 1.6429 |

*इसी तरह सड्डू, लभांडी,आमासिवनी, दलदलसिवनी, मोवा, फूंडहर, देवपुरी, पुरैना और बोरिखुर्द क्षेत्र में नगर निगम को ईडब्लूएस की जमीन मिली है।*

### झूमकर बरसे बादल, कई...

नजर आया और बादल गहरे काले हो गए, जो जोरदार ढंग से बरसने लगे। बादल को देखकर भारी बारिश होने का अनुमान था, मगर माहौल कुछ देर में ही सामान्य हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ गायत्री कांचीभोथला ने बताया कि रात्रि साढ़े आठ बजे तक शहर में 10 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। बादल अभी भी छाए हुए है जिसके अगले चौबीस घंटे में अच्छी तरह बरसने की संभावना है। **इन इलाकों में भरा पानी** : सोमवार की शाम घंटेभर हुई झमाझम बारिश से वीरनारायण सिंह वार्ड के कविता नगर के घरों में नाले का गंदा पानी भर गया और लोगों के घरों में रखने सामान खराब हो गए। वहीं के आइसक्रीम फैक्ट्री की गली में पानी भरने से हलाकान लोग पार्षद के साथ विधायक पुरंदर मिश्रा से मिलने पहुंच गए। इसके अलावा गीतांजलि नगर, केपिटल पैलेस और चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कालोनी में जलभराव से रहवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। आनंद विहार इलाका पानी-पानी होने से लोग घंटों परेशान हुए। जलभराव से त्रस्त रहवासियों ने बताया कि 15 मिनट की बारिश में उनके इलाके में 4 से 5 फीट पानी भर जाता है। शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के गोकुलनगर, रावतपुरा फेज 2 और चौरसिया कालोनी में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही। **प्रभावित हुई उड़ान** : मौसम के बदलाव और छाए काले बादलों की वजह से सोमवार की शाम रायपुर से संचालित होने वाली मुंबई और दिल्ली की फ्लाइट विलंब से संचालित हुईं। मुंबई से रायपुर आने वाली फ्लाइट 45 मिनट तथा दिल्ली से रायपुर की फ्लाइट 1.10 मिनट लेट से पहुंची। वापसी के दौरान उनकी उड़ान विलंब से रही।

पेज 11 के शेष ...

### रायपुर पर बढ़...

की जरूरत और सुविधाओं को देखते हुए बनाया गया है। इसके तहत रायपुर जिले की चारों दिशाओं के इलाकों को विकसित कर सर्व सुविधायुक्त बनाया जाना है, ताकि भविष्य में अनुमानित जनसंख्या के अनुसार शहर के चारों दिशा में लोगों को चौड़ी सड़क से लेकर बस स्टैंड, अस्पताल, स्कूल, खेल मैदान, मनोरंजन की अन्य सुविधाएं भी मिल सके, लेकिन शहर में वर्ष 2011 में वर्ष 2021 की जनसंख्या की आबादी का आकलन करते हुए बनाए गए मास्टर प्लान में शामिल किए गए कई काम अब तक नहीं हो पाए हैं। इसके कारण शहर के कई इलाके सड़क, बिजली, पानी सहित मूलभूत जैसी समस्याओं से ही उबर नहीं पाया है। ***चारों दिशाओं से हर रोज 2-3 लाख की संख्या में पहुंचते हैं ग्रामीण*** : शहर की चारों दिशाओं के ग्रामीण क्षेत्रों से 2 से 3 लाख की जनसंख्या हर रोज शहर में नौकरी व काम करने पहुंचती है। इनमें मजदूरों के अलावा विभिन्न निजी और शासकीय संस्थाओं में काम करने वाले लोग भी शामिल है। हर दिन इन लोगों के शहर में प्रवेश करने के बाद यहां की आबादी की तुलना में मिल रही सुविधाओं का प्रतिशत और कम होने लगा है, जिसके उदाहरण स्वरूप शहर की सड़कें आबादी की तुलना में सकरी हो गई है। इसके कारण शहर में जगह-जगह ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग जूझते रहते है।

### नर्सिंग प्रवेश के लिए...

पंजीयन प्रारंभ किया जा चुका है, मगर स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा इसके लिए अब तक कोई शुरुआत नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा इस मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग से काउसिलिंग सिस्टम मैनेजमेंट चार्ज, एसएमएस सहित अन्य शुल्क का संभावित बजट की सहमति सहित अन्य जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब का 39 दिन से इंतजार किया जा रहा है।

**एक फ्लोर का अंतर** : जानकारी के अनुसार दोनों विभाग का संचालन नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन में किया जाता है। दोनों के बीच एक फ्लोर का अंतर है। भूतल में स्वास्थ्य संचालनालय का कार्यालय है प्रथम तल में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय संचालित होता है। 30 जुलाई को भेजी गई इस चिट्ठी का 39 दिन बाद भी जवाब नहीं मिल पाया है।

***जल्दी भेजेंगे जानकारी** : स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा पत्र प्राप्त हुआ था, उनसे संबंधित आवश्यक जानकारी जल्दी ही प्रेषित की जाएगी।*

*- डॉ. यूएस पैकरा, संचालक चिकित्सा शिक्षा*

### पांच साल के बच्चे...

साहू ने बताया कि रायगढ़ में रहने वाला पांच साल का लड़का अपने माता-पिता के साथ अस्पताल पहुंचा था। माता पिता ने बताया कि बच्चे के हृदय में आधी छाती के बराबर ट्यूमर जो फेफड़े, महाधमनी के साथ पल्मोनरी आर्टरी से चिपका हुआ है। कई अस्पतालों ने उसका ऑपरेशन करने से मना कर दिया है और कई ने ट्यूमर को वैसे ही छोड़ने की सलाह दी थी। विभागाध्यक्ष ने परिजनों को जोखिम के बारे में बताया और उनके तैयार होने पर सर्जरी की प्रक्रिया पूरी कर ढाई किलो का मेडिस्टाइनल ट्यूमर बाहर निकाला। सर्जरी के बाद बच्चा स्वस्थ हो गया और स्कूल जाने की तैयारी में है।

### यू-ट्यूब पर एड...

शिवनारायण साहू को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। राजन ने रेंज साइबर थाने में शिकायत दर्ज काराई थी कि वह पिछले वर्ष अक्टूबर में यूट्यूब में वर्क फ्रॉम होम सर्च कर रहा था। इस दौरान उसने एमआर के संबंध में एड देखा। एड में फार्मा हेल्थ एकेडमी में घर बैठे 20 हजार नौकरी देने की बात का उल्लेख किया गया था। एड में दिए गए नंबर पर राजन ने संपर्क किया, तो कथित फार्मा कंपनी के सीईओ सुरेश कुंती से बात हुई। सुरेश ने राजन से बॉयोडाटा मंगाकर छत्तीसगढ़ में उनके नाम से फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर 14 लाख 30 हजार रुपए मांगे। मांगी गई रकम देने के बाद शिव नारायण साहू की राजन से लगातार बात होती रही और उसे फ्रेंचाइजी देने के नाम पर आश्वासन दिया गया। फ्रेंचाइजी नहीं मिलने पर राजन को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती जानकी बाई साहू उम्र 56 वर्ष पति श्री सुरेश कुमार साहू निवासी ग्राम राखी अभनपुर, तहसील अभनपुर व जिला रायपुर छ.ग. है के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक कृषि भूमि जो कि मौजा-राखी, खसरा नंबर 55, प.ह.नं. 00024, रकबा- 0.4000 जो कि एक एकड़ कृषि भूमि है जो रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। जिसे आज दिनांक को क्रेता श्री आदिल हिंगोर पिता श्री ए एम हिंगोर निवासी ब्लॉक बी-8, प्लाट नं.-03, ढेबर सिटी होम्स भाठागांव रायपुर छ.ग. को विक्रय किया गया है। जिसके संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या फर्म या बैंक आदि दावा आपत्ति करना चाहते है तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर नीचे लिखे नाम एवं मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते है। उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियॉ शुन्य व विधि विरूद्ध समझी जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर छ.ग.
दिनांक- 09.09.2024

बिरेन्द्र कुमार मार्कण्डेय
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 9907339056

**सूचना**

मैं जितेन्द्र ताम्रकार जित आर्ट एण्ड पब्लिसिटी का प्रोपराइटर मेरे यहां विकास देवांगन नाम का लड़का विगत सात वर्षों से कार्यरत था,


विकास देवांगन

जो कि मार्केटिंग एवं पेमेंट का कार्य करता था, जो कि अब 1 अगस्त 2024 से कार्य छोड़ चुका है। अतः इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन ना करें। किसी भी प्रकार का लेन-देन करने पर मेरी या मेरी संस्था कि जिम्मेदारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

DATE 09.09.2024

Jeetu Kasar
FOR, JEET ART & PUBLICITY
Proprietor

## खबर संक्षेप



### 'विरासत-काव्य कलश' के विमोचन पर कवि कोटक का सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सोमवार को ख्यातनाम कवि हरीश कोटक को उनकी प्रथम कृति विरासत-काव्य कलश के विमोचन के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले, सचिव प्रसन्न निमोणकर, प्रशांत देशपांडे ने कवि कोटक को सूतमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद व रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर शशि वरवंडकर ने कवि हरीश कोटक का मंडल में योगदान व सक्रिय सहभागिता की चर्चा की। साथ ही मंडल के प्रतिनिधियों ने भी हरीश कोटक को नये काव्य संग्रह की बधाई दी। विमोचन व काव्य गोष्ठी समारोह में महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद हरीश कोटक ने अपनी चुनिंदा कविताओं का पाठ करते हुए महाराष्ट्र मंडल की उपलब्धियों पर चर्चा की।

### केंद्रीय जेल में मनाया नुआखाई मिलन समारोह



**रायपुर।** सुराज जनकल्याण समिति सोसाइटी द्वारा विगत 15 वर्षों से केंद्रीय जेल रायपुर में नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने महीनों, वर्षों से अपने घर-परिवार से दूर रह रहे जेल में बंद विचाराधीन बंदी, अपराधी से साथ नवान्न से बने प्रसाद का सामूहिक रूप से ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक नेता वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, आप सभी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं, अपराधमुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेकर अपराध जगत को दूर होकर देश-समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योग दें। कार्यक्रम को भाजपा फाफाडीह मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल नायक, प्रीतम महानंद, नेता आशीष तांडी, राधे नायक, संतोष निहाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में भोला दीप, शालू शर्मा, रबिया बानो एवं बड़ी संख्या में विचाराधीन बंदी, जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोविड के लिए क्लिनिकल रजिस्ट्री में एम्स के योगदान को मिली सराहना




**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को आईसीएमआर के अंतर्गत उन 13 प्रमुख सलाकार संस्थानों में शामिल किया है, जो कोविड -19 के लिए राष्ट्रीय क्लिनिकल रजिस्ट्री में योगदान कर रहे हैं। रजिस्ट्री द्वारा पूरे भारत से 51,781 कोविड-19 रोगियों पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र किया गया है। यह डाटा महामारी को समझने और उसके नैदानिक परिणामों में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इस उपलब्धि के लिए एम्स, रायपुर के कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक जिंदल और को-इन्वेस्टिगेटर डॉ. पंकज कुमार कन्नौजे को पिछले दिनों सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त एम्स, रायपुर छत्तीसगढ़ और झारखंड के 3 अन्य रजिस्ट्री साईट्स पर मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रहा है। इस तरह एम्स, रायपुर अब पीजीआई, चंडीगढ़ के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोगी डाटा प्रदानकर्ता के रूप में उभरा है। इस परियोजना को आईसीएमआर द्वारा 1.5 करोड़ रुपए का अनुदान और अलग-अलग कार्यकालों में तीन चिकित्सकों की नियुक्ति परियोजना के सुचारू संचालन के लिए प्रदान की गई थी।

# सम्मान देने रेलवे बोर्ड का अनोखा तरीका, अब 'चमकते सितारों' को मिलेगा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मान देने का एक नया तरीका अपनाया है। बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर एक दीवार में बड़े साइज का एक बोर्ड लगाया है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे लिखा हुआ है। इस बोर्ड में कर्मचारियों की तस्वीर व उपलब्धि दर्शाई जाती है, जिससे जोन के हर एक अधिकारी व कर्मचारी चमकते सितारों को जान सकें। इस व्यवस्था से कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान केवल उस सभाकक्ष तक सिमटकर रह जाता है। अन्य विभाग के कर्मचारियों तक जानकारी नहीं मिल पाती। इसे देखते ही एक नई व्यवस्था की गई है। इसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही एक बोर्ड लगाया गया है।

### बेहतर कार्य पर रेलवे बोर्ड का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे बनाने का संदेश




#### रेलकर्मियों के बच्चों की उपलब्धि भी आएगी नजर

*चमकते सितारे के इस बोर्ड में आने वाले दिनों में रेलकर्मियों के बच्चों की उपलब्धि नजर आएगी। कई कर्मचारियों के बच्चे अलग-अलग सेक्टर में बड़ा काम कर रहे हैं। उन्हें अभिभावक प्रोत्साहित भी करते हैं। अब रेलवे भी इस बोर्ड के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करने का मना बना रहा है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी, ताकि वह बच्चों की उपलब्धि की जानकारी दे सकें।*

#### बोर्ड पर तस्वीर के साथ चस्पा

इस बोर्ड को रेलवे के चमकते सितारे का नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य केवल इतना ही कि पांच मंजिला इस बिल्डिंग में लगने वाले हर एक विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को यह जानकारी मिल सके कि वर्तमान में चमकते सितारे कौन हैं। यह सम्मान उन्हें किस कार्य के लिए दिया गया है। वह कर्मचारी जिनका बोर्ड नाम या तस्वीर चस्पा होती है, उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। बकायदा मोबाइल पर फोटो लेकर, वह इंटरनेट मीडिया पर साझा भी करता है। इस बोर्ड की व्यवस्था कर रेलवे एक संदेश भी दे रहा है कि सभी बेहतर कार्य कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे बनें। इससे सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

## इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के 71 अधिकारी-कर्मचारी आजीवन सदस्य बने



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह की पहल पर भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की रायपुर इकाई में एक ही दिन में 71 अधिकारियों को आजीवन सदस्य बनाया गया है। राज्य गठन के बाद सदस्यता अभियान के तहत पहली बार सर्वाधिक सदस्य बनाए गए हैं। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि रेडक्रास के माध्यम से हम मानव सेवा कर सकते हैं। यह संस्था आपदा के समय जरूरतमंद लोगों की मदद करती है। इसकी सदस्यता लेकर हमें भी ऐसे पुनीत कार्यों में सहयोग देना चाहिए। कलेक्टोरेट के रेडक्रास भवन में सोमवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में समयसीमा की बैठक हुई। इस बैठक में सबसे पहले कलेक्टर ने रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन संरक्षक की सदस्यता ली। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारियों को भी सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 71 अधिकारी-कर्मचारियों ने इसकी सदस्यता ली। इसके अलावा 20 अधिकारी-कर्मचारियों ने वार्षिक और एक अधिकारी ने एसोसिएट आजीवन सदस्यता ली। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने आवेदन फार्म भरकर सदस्यता ली।

- कलेक्टर ने भी ली आजीवन संरक्षक की सदस्यता

#### जॉब फेयर 12 से

*रायपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा स्थानीय बेरोजगार शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 12 से 14 सितंबर तक जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टोरेट मल्टीनेशनल पार्किंग के 5वें माले में जॉब फेयर सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। इसमें बीपीओ द्वारा 12वीं पास आवेदकों की भर्ती सीएसए के 5 सौ पदों पर की जाएगी।*

### अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पुलिस ने लगाए बैरिकेड

# एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग, अभ्यर्थी पीएचक्यू पहुंचे



कोर्ट के 90 दिनों में रिजल्ट जारी करने के आदेश के बाद भी अब तक परिणाम जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी करने की मांग को लेकर सोमवार को राज्य के अलग-अलग जिलों से आए सौ के करीब अभ्यर्थी पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा से मिलने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने अभ्यर्थियों को पुलिस मुख्यालय पहुंचने से रोकने रास्ते में बैरिकेड लगा दिए थे, जिसकी वजह से अभ्यर्थी डीजीपी से मिल नहीं पाए। एसआई परीक्षा के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बारिश के बीच अपना प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं करने पर अभ्यर्थियों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने 90 दिनों के भीतर एसआई भर्ती परीक्षा परिणा जारी करने आदेश जारी किया था। कोर्ट द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नौ सितंबर तक एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा परिणाम जारी हो जाना चाहिए था, लेकिन शासन द्वारा अब तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया है। इस बात को लेकर एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी नाराज हैं। एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर पिछले छह सालों से संघर्षरत हैं। इस वजह से अभ्यर्थियों के सब्र का बांध टूटने लगा है।

#### परीणाम जारी करने तिथि निश्चित करने की मांग

एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी पिछले दिनों गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुलाकात की थी। गृहमंत्री ने तब अभ्यर्थियों को 10-15 दिनों में परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन के बाद भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने पर अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च निकालने के साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर भीख मांग कर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी शासन से परीक्षा परिणाम जारी करने एक निश्चित तिथि सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

#### कोर्ट में पुन याचिका दायर की जा सकती है

*90 दिनों की समय सीमा पूरी होने के बाद भी एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने पर अभ्यर्थी पुनः हाईकोर्ट में शासन के खिलाफ कोर्ट की अवमानना करने की याचिका दायर कर सकते हैं। एसआई भर्ती परीक्षा के एक अभ्यर्थी जो फौज में सेवा दे चुके हैं, उनके द्वारा मंगलवार से आमरण अनशन करने तथा दुर्ग से एक अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर दुर्ग से तूता तक दौड़ लगाने की सूचना है।*

## एम्स में इलाज कराने आए मरीज ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश से उपचार के लिए एम्स लाए गए मरीज ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना चार दिन पूर्व शुक्रवार की बताई जा रही है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मरीज को जिस दिन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उसके दूसरे दिन ही वह तड़के वार्ड से लापता हो गया था। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, मध्यप्रदेश रीवा निवासी महेंद्र उपाध्याय ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि महेंद्र को वे पिछले सप्ताह गुरुवार को उपचार कराने एम्स अस्पताल लाए थे। दूसरे दिन सुबह वह अपने वार्ड से गायब हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की तो सुबह 8 बजे गार्डन के पास महेंद्र फूटेज में दिखा। उसने चार नंबर गेट के पास बने शेड के पीछे बनी दीवार से सटे एक छोटे शेड के एंगल में गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।



### नगर सेना विभाग में शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 से

**रायपुर।** नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरूष एवं महिला नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से आयोजित है।

इसमें रायपुर संभाग के लिए महिला छात्रावास की 450 महिला तथा महिला एवं पुरूष सामान्य ड्यूटी के 200 नगर सैनिकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप में आयोजित की जाएगी। यह कैंप 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक है।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने नवा रायपुर में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समयमान वेतनमान, पदोन्नति और जीवनदीप समिति के कर्मचारियों की सीधी भर्ती पदों में अनुभव का लाभ दिये जाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन का सांकेतिक घेराव करने पहुंचे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदेशभर के स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर नवा रायपुर के सेक्टर 19 स्थित स्वास्थ्य भवन पहुंचे और भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार को नवा रायपुर में प्रदर्शन किया। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के दौरान स्वास्थ्य भवन का सांकेतिक घेराव के दौरान संचालक स्वास्थ्य सेवायें एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा की ओर से संघ के 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से विभागीय जांच, आयुष्मान योजना में वित्तीय गड़बड़ी, भ्रष्ट अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई, समयमान पदोन्नति एवं जीवन दीप समिति कर्मचारियो को सीधी भर्ती के पदों में अनुभव का लाभ दिये जाने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

## 'शिक्षक दिवस' 150 शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**रायपुर।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में शिक्षकों का सम्मान उस्ताद को सलाम कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। जहां 7 साल से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे शिक्षकों को मरहूम सैय्यद अफजाल अहमद रिजवी मेमोरियल से सम्मानित किया गया। उस्ताद को सलाम कार्यक्रम रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बीजापुर, सुकमा तथा सभी संभागों में एक साथ किया गया। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक सैय्यद फैसल रिजवी ने बताया की शिक्षक दिवस के अवसर पर हमने उस्ताद को सलाम कार्यक्रम रविवार को पूरे प्रदेश में किया है। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया कि हमने सम्मान समारोह में स्टेज पर किसी भी अतिथि को नहीं बैठाया, बल्कि हमारे अतिथियों ने शिक्षकों को स्टेज देकर उन्हें सम्मानित किया।

*गांधी सदन में स्वच्छता गतिविधियों को लेकर हुई बैठक*

## स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 से श्रमदान समेत होंगे कई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में लोगों को सफाई प्रति जागरूक बनाने नगर निगम रायपुर 14 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलायेगा। इसके अंतर्गत शहरभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी सिलसिले में सोमवार को गांधी सदन में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान अधिकारियों को प्राथमिकता से स्वच्छता गतिविधियां करने निर्देश दिये। स्वच्छता से आम आदमी को जोड़ने स्वच्छता सेवा अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा। इस मौके पर स्वैच्छिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ ग्रहण और मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। 15 सितम्बर को 1 पेड़ मां के नाम अभियान में नगर निगम क्षेत्र में छायादार और फलदार पौधे अमरूद, जामुन, आम, सीताफल, नीम, पीपल प्रजातियों का रोपण किया जायेगा।

#### इंटरस्कूल स्पर्धा 16 को

16 सितम्बर को स्वच्छ इंटर स्कूल स्पर्धा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्वच्छता संबंधी विषयों पर चित्रकला, निबंध, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, रंगोली स्वच्छता प्रश्नोत्तरी होगी। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसी तरह महाविद्यालय में अध्ययनरत युवाओं की टीम तैयार कर सभी स्कूलों और कालेजों का स्वच्छता आडिट कराने की तैयारी है। सर्वश्रेष्ठ रिपोर्ट वाली संस्था को नगर निगम की ओर से पुरस्कृत किया जाना शामिल है। 17 सितम्बर को राजधानी में स्वच्छता मैराथॉन दौड़ आयोजित होगी। 18 तारीख को स्वच्छता जागरूकता के लिए चिन्हांकित स्थलों से नगर में स्वच्छता साइक्लोथॉन आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 19 सितम्बर को फुड स्ट्रीट वेण्डर्स के लिए कार्यशाला रखी गई है। इसमें पंजीकृत शहरी पथ विक्रेताओं के लिये स्वच्छता, यातायात नियमों के पालन और वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी जायेगी। 20 सितम्बर को नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता आडिट परिणाम के आधार पर शौचालयों को रेटिंग प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता,स्वच्छ भारत मिशन शाखा के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड्डु, सहित सभी जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## संत ओमीराम सांई का किया सम्मान



**रायपुर।** साईं वसण शाह दरबार उल्हासनगर के संत ओमीराम सांई छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हुए हैं। इस दौरान संत वे रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के कार्यालय तेलीबांधा पहुंचे। जहां पुष्पवर्षा तथा आतिशबाजी के बाद उनका कार्यालय में प्रवेश कराया गया और पक्खर पहनाकर पदाधिकारियों ने संतजी का स्वागत किया। इस मौके पर छग सिंधी पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि ओमीराम सांई ने पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की सबसे महत्वपूर्ण घोषणा 5 से 10 एकड़ जमीन पंचायत के नाम पर होनी चाहिए, उसमें भगवान झूलेलाल का मंदिर, वृद्धाश्रम, हॉस्पिटल जैसी कई गतिविधियां समाज के लिए सेवाकार्य के रूप में की जाएंगी।


## बिजनेस साइट

### बोंजेलो स्वीट्स में गणेश उत्सव पर मोदक लड्डू पर विशेष ऑफर

**रायपुर।** गणेश उत्सव असीम आस्था और उल्लास का पर्व है, जिसमें श्रद्धालु गणेशजी की प्रतिमा को घरों और पंडालों में स्थापित करते हैं और 11 दिनों तक श्रद्धा तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। इस मौके पर रायपुर में बोंजेलो स्वीट्स अपने शुद्ध और स्वादिष्ट मोदक लड्डू के लिए प्रसिद्ध है। इस गणेश उत्सव पर ग्राहकों की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए बोंजेलो स्वीट्स विशेष ऑफर प्रदान कर रहा है। मोदक लड्डू इस समय 280 रुपए प्रति किलो की विशेष कीमत पर उपलब्ध हैं, जबकि सामान्य मूल्य 560/- प्रति किलो है। यह ऑफर 7 से 17 सितंबर तक उपलब्ध रहेगा। ग्राहकों की सुविधा और संतोष को ध्यान में रखते हुए रायपुर के बोंजेलो स्वीट्स की सभी शाखाओं आमापारा, जीई रोड, फाफाडीह और न्यू राजेन्द्र नगर में आकर्षक पैकिंग में मोदक लड्डू उपलब्ध हैं।




### बलदेव फर्नीचर में गणेश उत्सव पर घर-ऑफिस के फर्नीचर की विस्तृत रेंज

**रायपुर।** गुरुनानक चौक और जनकबाड़ा स्थित बलदेव फर्नीचर 44 वर्षों से आपके घर और ऑफिस के फर्नीचर की शोभा बढ़ा रहा है। इस प्रतिष्ठान का प्रमुख कार्य सेल्स के साथ-साथ, उपरांत सेवा प्रदान करना है। संस्थान के संचालक सरदार लखविंदर सिंह ने बताया कि इस वर्ष गणेश उत्सव और मानसून ऑफर पर ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। हम हर साल ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार नए-नए फर्नीचर प्रस्तुत करते हैं। हमारे पास बेड सेट, डायनिंग टेबल, सोफा सेट, आलमारी, आउटडोर सेट, मंदिर सेट, आकर्षण झूले, ऑफिस टेबल, सेंटर टेबल, और रेकलाइनर ब्रांड जैसे गोदरेज की सेफ, नीलकमल, किसान के मोल्डेड फर्नीचर, ईजी की रिवॉल्विंग चेयर, इटालिका आदि के नए मॉडल उपलब्ध हैं। गणेश उत्सव के मौके पर कुछ चुनिंदा मॉडलों पर 20% से 50% तक विशेष डिस्काउंट भी दिए जा रहे हैं।





हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 10 सितंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

44 दिनों के उपवास में केवल 8 ...

कैंपस इवेंट

## दादा-दादी के लिए लिखा खत बताया, क्यों हैं जिंदगी में अहम




**रायपुर।** जेसीआई के डायमंड वीक के तहत कई तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 'सेंड लेटर ऑफ ग्रेटीट्यूड' रखा गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरैना के बच्चों से उनके दादा-दादी के लिए एक प्यार भरा लेटर लिखवाया गया। संस्था की मीडिया प्रभारी दीया मूलचंदानी ने बताया कि यह लेटर बच्चों को अपने दादा-दादी को देने के लिए कहा गया। सभी बच्चों ने बहुत ही सुंदर और भावुक तरीके से अपनी भावनाओं को उस लेटर में व्यक्त किया। अपने ग्रैंड पैरेंट्स के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने यह आयोजन किया गया।

### बुजुर्गों ने खेले रोचक खेल

'हैप्पीनेस ऑवर विथ सीनियर सिटीजन' कार्यक्रम भी रखा गया। इस प्रोग्राम के तहत चित्रवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को नगर निगम गार्डन ले जाया गया। वहां पर उनके साथ अलग-अलग मजेदार गेम्स खेले गए। सभी बहुत खुश थे और सदस्यों ने उनके साथ समय बिताकर आनंद की अनुभूति की। गेम्स के बाद सबको स्वल्पाहार भी कराया गया। अचानक हुई बारिश का भी शेड के नीचे रहकर सभी ने आनंद लिया। इस प्रोग्राम के दौरान चितवन वृद्धाश्रम के 15 सदस्य, 5 वालंटियर और वामा मेम्बर उपस्थित रहे। इन दोनों प्रोग्राम की निर्देशिका भाविका रोहरा और आनंदिता अग्रवाल रहीं। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. ऐश्वर्या बंसल रही।

लाइव इवेंट

## तुलसीदास के दोहों व चैपाइयों को समझाने बनाए रोचक कार्टून

**रायपुर।** देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच अपने प्रकाशन के 28वें वर्ष में इस बार फिर रायपुर में अपना कार्टून फेस्टिवल करने जा रही है। रायपुर के एक निजी होटल में यह आयोजन 10 सितंबर को संध्या 6 बजे से किया जाएगा। कार्टून वॉच के संपादक त्रयम्बक शर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग, छ.ग.पर्यटन मंडल, एनएमडीसी और रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस मौके पर नूतन कला संगम और अन्य कला संस्थाओं के युवा चित्रकार चित्र और कैरीकेचर बनाएंगे। युवा चित्रकार उपस्थित कार्टूनिस्टों से चर्चा भी कर सकेंगे।

**युवा चित्रकार बनाएंगे ऑन स्पॉट कैरीकेचर**

### देश के अन्य शहरों में हो चुका है आयोजन

उल्लेखनीय है कि कार्टून वॉच ने 2003 से कार्टून उत्सव का आयोजन रायपुर से प्रारंभ किया था। मुंबई में कार्टूनिस्ट बाला साहेब ठाकरे को भी इसी आयोजन के अंतर्गत जीवन गौरव सम्मान प्रदान किया जा चुका है। यह आयोजन समय-समय पर रायपुर के अलावा पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरू और विशाखापटनम जैसी जगहों पर किया गया। इस बार इंदौर के कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी को कार्टून वॉच का जीवन गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर सभी अतिथि सांकेतिक रूप से कार्टून बनाकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर कार्टूनिस्ट त्रयम्बक शर्मा के कार्टून संकलन तुलसी सुगंध का भी विमोचन किया जाएगा। नई पीढ़ी को रामचरित मानस से जोड़ने के लिये त्रयम्बक ने तुलसीदास की 108 दोहों और चैपाइयों पर रोचक कार्टून बनाकर उन्हें समझाने का प्रयास किया है।

सिटी इवेंट

## नेत्र व दंत जांच के बाद मिले स्वस्थ रहने टिप्स



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने जेसीआई वीक के अवसर पर 'क्वीन्स वेलनेस वेव' कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां निशुल्क जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। नेत्र संग दंत जांच शिविर भी लगाया गया। टाइटन वर्ल्ड और आईप्लस और शिव शक्ति डेंटल क्लिनिक द्वारा यह निशुल्क नेत्र और दंत जांच किया गया। प्रतिभागियों के बीच स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने और समुदाय में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम निदेशक प्रीति जैन, रोशनी मेहता सहित अन्य संस्था सदस्य इसमें शामिल हुए।

### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें

महिलाएं विशेषज्ञों ने इस दौरान हेल्थ जांच के साथ ही स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से कहा कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। जांच कराने वाले संस्था सदस्यों के सेहत संबंधित सवालों के जवाब भी चिकित्सकों ने दिए। उन्हें स्वास्थ्य संबंधित की जाने वाली आम गलतियों के विषय में बताया गया। इससे जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई और स्वस्थ जीवन के लिए सभी को प्रेरित किया गया।

**सोमवार से प्रारंभ हुई संस्था स्तर की काउंसिलिंग, अब नहीं होंगे चरणवार दाखिले**

# एआई के कारण फिर से लौटा कंप्यूटर साइंस का क्रेज पहली बार कॉलेजों में मशीन लर्निंग से जुड़ेंगे स्टूडेंट्स

**प्रदेश में है इंजीनियरिंग की 34 हजार 281 सीटें, इनमें 23 हजार 556 अभी भी खाली**

प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में चरणवार दाखिले पूर्ण हो चुके हैं। इसके बाद भी रिक्त रह गई सीटों के लिए अब संस्था स्तर पर काउंसिलिंग शुरू कर दी गई है। अर्थात जिन संस्थानों में सीटें रिक्त हैं, छात्र वहां जाकर सीधे प्रवेश ले सकेंगे। सोमवार से इसकी शुरुआत हुई। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों का रूझान बीते कुछ सालों में घटा है। इस बार भी 34 हजार 281 सीटों में से 10 हजार 725 सीटें ही भर सकी हैं। अर्थात 23 हजार 556 सीटें अब भी खाली हैं। केमिकल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की प्रमुख ब्रांच है। छात्रों की पहली पसंद से ब्रांच होते हैं।

**रायपुर।** विभिन्न कॉलेज प्रबंधन और विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रत्येक 2-4 साल में इंजीनियरिंग ब्रांच को लेकर छात्रों का क्रेज बदलता रहता है। मार्केट की डिमांड के आधार पर कोर ब्रांच तय होते हैं। पिछले कुछ समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड और इस सेक्टर में आ रहे बूम को देखते हुए छात्रों का रूझान कंप्यूटर साइंस ब्रांच की ओर बढ़ रहा है। इंजीनियरिंग की जिन सीटों पर प्रवेश हुए हैं, उनमें अधिकतर सीएस ब्रांच की ही है। इसके अलावा इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी में भी छात्र दिलचस्पी ले रहे हैं।





### 12 को जारी की जाएगी मेरिट लिस्ट पंजीयन कराने आज अंतिम तिथि

संस्था स्तर पर दाखिले के लिए भी इस बार मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिन संस्थानों में सीटें रिक्त हैं, वहां छात्रों को 9 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे से 10 सितंबर शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है। अर्थात छात्रों के पास संस्था स्तर की काउंसिलिंग में हिस्सा लेने के लिए पंजीयन कराने मात्र आज का ही समय है। इन आवेदनों के आधार पर संबंधित संस्थाओं द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। यह सूची 12 सितंबर को जारी होगी। इसके बाद 13 से 15 सितंबर तक छात्रों को दाखिले लेने होंगे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विशेष ब्रांच

एआई सेक्टर में आ रहे बूम को देखते हुए प्रदेश के कई महाविद्यालयों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विशेष ब्रांच प्रारंभ किए हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग जैसे ब्रांच शामिल है। देश की कई ट्रिपलआईटी और एनआईटी संस्थानों में पहले से ही ये ब्रांच शुरू हो चुके हैं। अब निजी महाविद्यालय भी इन ब्रांच को अपने यहां लॉन्च कर रहे हैं। कई महाविद्यालयों में पहली बार मौजूदा सत्र से एआई आधारित इन ब्रांच की शुरुआत होगी।

### बिलासपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय : ईई व माइनिंग में अपेक्षाकृत कम दाखिले

*शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर की 317 में से 271 सीटों में प्रवेश हुए हैं। इनमें सिविल इंजीनियरिंग की 21 में से 19 सीटें भर गई हैं। कंप्यूटर साइंस की 42 में से 40 सीटें भर गई हैं। सिर्फ 2 ही सीटें रिक्त हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 63 में से 52 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्टस एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग की 42 में से 39 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। आईटी की 42 में से 40 सीटें भरी हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 42 में से 37 सीटें भरी हैं, जबकि माइनिंग इंजीनियरिंग की 21 में से 17 सीटें भरी हैं।*

### रायपुर जीईसी : सीएस में सबसे कम सीटें रिक्त

*गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में इंजीनियरिंग की 322 सीटों में से 290 में प्रवेश हुए हैं। सिविल इंजीनियरिंग की 42 में से 38 में प्रवेश हो चुके हैं। कंप्यूटर साइंस की 63 में से 57 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। ईईई ब्रांच की 63 में से 58 सीटें भर गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग की 63 में से 56 में प्रवेश हो चुके हैं। वहीं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 63 में से 58 में प्रवेश हुए हैं।*

### इधर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी, मार्शल के लिए अर्जी शुरू

व्यापम ने सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल भर्ती परीक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए व्यापम ने यह परीक्षा 3 मार्च को आयोजित की थी। 52 पदों के लिए 15 हजार ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 7 हजार ही परीक्षा में शामिल हुए थे। 21 जून को मॉडल आंसर जारी करते हुए दावा आपत्ति मांगी गई थी। इनके निराकरण के बाद व्यापम ने परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। 52 पदों पर इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जाएगी। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिरकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत परिणाम देख सकते हैं।



#### 6 अक्टूबर को होगी लिखित परीक्षा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मार्शल भर्ती परीक्षा भी व्यापम आयोजित करेगा। 60 पदों के लिए व्यापम यह भर्ती परीक्षा लेगा। इसके लिए विस्तृत अधिसूचना व्यापम द्वारा जारी कर दी गई है। विधानसभा द्वारा पूर्व में इन पदों के लिए शारीरिक नाप-जोख तथा दक्षता परीक्षण किया गया था। इसमें सफल रहे उम्मीदवार ही व्यापम की लिखित परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। अभ्यर्थियों को व्यापम की वेबसाइट में जाकर आवेदन करना तथा जिलों का चयन करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र नहीं माने जाएंगे। 9 से 22 सितंबर तक व्यापम की वेबसाइट पर पंजीयन किए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र 30 सितंबर को जारी होगा। परीक्षा 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 12.45 तक ली जाएगी। एकमात्र केंद्र रायपुर में बनाया जाएगा।

## संस्कृति को बढ़ावा देने अपने घरों से लेकर पहुंचे पारंपरिक पकवान, साझा की रेसिपी

**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा बेटी बचाओ मंच की महिला पदाधिकारियों ने महादेवघाट स्थित हनुमान उद्यान में सोमवार को तीज पर अपने मायके से लौटकर तीज मिलन समारोह किया। इस मिलन समारोह में महिला पदाधिकारी अपने-अपने घरों से ठेठरी, खुरमी, खाजा, पीडिया, चौसेला, फरा, अनरसा लेकर पहुंची और सब के साथ लुत्फ उठाया। महिलाओं ने इसे तैयार करने की अपनी-अपनी रेसिपी भी साझा की। इस दौरान पूरा उद्यान पारंपरिक उद्यानों की खुशबू से महक उठा। एक-दूसरे के बनाएं व्यंजनों का सभी ने स्वाद चखा। नृत्य व गायन के साथ तीज मिलन का भरपूर आनंद लिया। तीजा के दौरान महिलाओं ने मायका में माता-पिता, भाई-बहन के साथ बचपन की यादें, सहपाठियों व सहेलियों के साथ बीते हुए पलों को एक-दूसरे को शेयर किया। सुहाने मौसम ने इस तीज मिलन को और अधिक आनंददायक बना दिया। सखियों संग बचपन की बातों पर देर तक ठहाके लगते रहे।



### रेस जीतने जोर

सौंदर्य स्पर्धाओं के साथ ही खेल प्रतियोगिताएं भी रखी गई थीं। दोनों में ही विजयी बनने महिलाओं ने पूरा जोर लगाया। सौंदर्य प्रतियोगिताओं संबंधित खिताब तीज आधारित परिधान और पूछे गए सवालों के जवाब के आधार पर दिए गए। खेल स्पर्धाओं में महिलाओं ने अपना बचपन दोबारा जिया।

### गीता रही सोलह श्रृंगार में अव्वल

इस दौरान सोलह श्रृंगार स्पर्धा में प्रथम गीता विश्वकर्मा, द्वितीय कविता शर्मा घोषित की गईं। तीज क्वीन विजेता शिखा शर्मा व उपविजेता सुधा शर्मा रही। व्यंजन में प्रथम रत्ना शर्मा व द्वितीय वीणा तिवारी रहीं। रेस में प्रथम सरस्वती साहू, द्वितीय नीतू शर्मा व तृतीय सरिता शर्मा रहीं। इस दौरान प्रमिला कोपुलवार तथा सूर्यकांता सोनी को श्रेष्ठ कार्यकर्ता का सम्मान मिला। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने पुरस्कार वितरण किया।

## तीन दिवसीय जॉब फेयर 12 से, 500 पदों पर भर्ती

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय बेरोजगार शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने आगामी 12 सितंबर से 14 सितंबर तक जॉब फेयर आयोजित किया गया है। इसका आयोजन कलेक्टोरेट स्थित पांचवें तल मल्टीनेशनल पार्किंग में किया जाएगा। जॉब फेयर का आयोजन सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बीपीओ द्वारा 12वीं पास आवेदकों की भर्ती सीएसए के पांच सौ पदों पर की जाएगी।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 से

नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरूष एवं महिला नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 16 सितंबर से किया गया है। रायपुर संभाग के अंतर्गत महिला छात्रावास के लिए 450 महिला तथा सामान्य ड्यूटी के लिए 200 नगर सैनिकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इनके लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैम्प में दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। जो कि 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

**राधाष्टमी महोत्सव कल, कहीं सजेंगे पालना तो कहीं होंगे राधा रानी चरण दर्शन**

कार्नर न्यूज

## राधारानी के लिए वृंदावन से लाया गया 1 लाख का पोशाक, अरबी-दही की सब्जी के साथ अर्पित होंगे 56 भोग, सुगंधित पुष्पों से सजेगा दरबार

**रायपुर।** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी अर्थात राधा जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष शहर के राधा-कृष्ण मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 11 सिंतबर को राधाष्टमी पर्व मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार 10 सितंबर को रात 11 बजकर 11 मिनट से शुरु होकर 11 सितंबर को रात 11 बजकर 46 मिनट तक राधाष्टमी का मूहुर्त है। प्रत्येक वर्ष राधाष्टमी के अवसर पर मंदिरों विशेष भोग व श्रृंगार किया जाता है। जिमसें शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की लंबी कतार बनी रहती है।

### महिलाएं करेंगी नाट्य मंचन

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर के ट्रस्टी राज किशोर नत्थानी ने बताया, राधाष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में शाम को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें महेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा नाटक मंचन किया जाएगा। इसकी तैयारियां भी महिलाओं द्वारा की जा रही हैं। दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ सुबह से देर रात तक रहती है। इस अवसर पर जन्मोत्सव तिलक रस्म पर्दे के अंदर ही किया जाएगा।



### सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

महादेव घाट स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया, राधाष्टमी के अवसर पर मंदिर में फूलों से झूला सजाया जा रहा। जहां शाम को संध्या आरती से पहले सोने-चांदी के आभूषण से श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही राधा रानी के लिए 56 भोग तैयार किए जाएंगे। राधा अष्टमी से पूर्व मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया जाएगा। शहर के अन्य मंदिरों में भी राधा अष्टमी पर विशेष पूजन और आरती होगी। राधा-कृष्ण मंदिरों में विशेष रूप से इसके लिए तैयारी की जा रही है।

### चांदी के पायल, पीला और गुलाबी वस्त्र



टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर के सदस्य भोला साहू ने बताया, प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधाष्टमी भव्य रुप से मनाया जाएगा। इस दिन साल में केवल एक बार श्री राधा रानी के चरणों के दुर्लभ दर्शन भक्तों को होते हैं। मंदिर में राधाष्टमी के अवसर पर राधा रानी का प्रिय भोग अरबी-दही की सब्जी के साथ 56 भोज अर्पित किया जाएगा। मंदिर परिसर में राधा रानी व श्री कृष्ण के लिए वृंदावन से विशेष पोशाक लाए गए हैं। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए है। महोत्सव के दौरान राधा रानी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें चांदी के पायल व पीला व गुलाबी वस्त्र मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगा।

## गणेशोत्सव 2024


सिंधु युवा एकता गणेशोत्सव समिति, लाखे नगर




जागृति युवा गणेशोत्सव समिति, लाखे नगर


श्री शांति बाल समाज गणेशोत्सव समिति, शांति चौक, पुरानी बस्ती


आदर्श सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब, सोनकर पारा


साइंस कॉलेज, छात्र परिवार


खदानेश्वर महादेव गणेशोत्सव समिति, लाखे नगर


बाल गणेशोत्सव समिति, आरडीए कॉलोनी, बोरियाखुर्द


श्री भारती समाज गणेशोत्सव समिति, तात्यापारा


श्रीराम गणेशोत्सव समिति, अवंति विहार


गणपत सिंधी महामाई पारा, पुरानी बस्ती


राम राज युवा संगठन, शिव नगर, न्यू चंगोराभाठा

### सिद्धि तप के तपस्वियों का इंडोर स्टेडियम में हुआ सामूहिक पारणा और बहुमान समारोह

# 44 दिनों के उपवास में मात्र 8 दिन भोजन, कठिन तप के बाद 115 तपस्वियों ने राजशाही रूप में तोड़ा व्रत

श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास के अवसर पर इंडोर स्टेडियम में सोमवार को श्री सिद्धि शिखर विजयोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। यहां 115 तपस्वियों ने 44 दिनों में 4000 से अधिक उपवास की कठिन तप साधना पूर्ण होने के बाद पारणा कर उपवास खत्म किया। खास बात यह रही कि तपस्वियों का राजशाही रूप में स्वागत हुआ और इसी अंदाज के साथ उन्होंने भोजन परोसा गया। शाम 5 बजे बहुमान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी हिस्सा लिया। इसके पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक राजेश मूणत अनुष्ठान में शामिल हुए।



**रायपुर।** हरिभूमि ने तपस्वियों ने बातचीत की। उनका कहना है कि इस तरह के उपवास करने के पीछे मकसद जीवन में संयम लाना और मन का त्याग करना था, जिसे उपवास के जरिए सिद्ध करने का प्रयास किया गया। जीवन का सबसे सच्चा सुख त्याग करने से मिलता है।उन्होंने अपने वैराग्य जीवन की दिनचर्या साझा करते हुए कहा कि 44 दिनों के उपवास में केवल 8 दिन भोजन किया। तपस्वियों का कहना है कि सामान्यतः एक दिन का उपवास 24 घंटे का होता है, लेकिन सिद्धि तप 36 घंटे का होता है। दो दिनों के बाद एक समय भोजन करते हैं। यह समय फिर लगाता बढ़ता जाता है। इसलिए यह कठिन तप है।





### लाइट और पंखे का उपयोग नहीं

न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर के मुनि श्रमणतिलक विजय का कहना है कि जैन मुनि बनने के साथ ही सभी तरह के सुख को त्याग कर देते हैं। हम अपने जीवन में लाइट और पंखे का उपयोग नहीं करते हैं। फिर चाहे कितनी भी गर्मी हो या फिर ठंड। यदि शरीर को मच्छर भी काटेगा, तब भी हमारे भीतर हिंसा का भाव पैदा नहीं होगा। यह त्याग है, सुखों के साथ मनोभावों का भी। उन्होंने बताया कि दिन का ज्यादा समय लोगों को अध्यात्म से जोड़ने का कार्य करते हैं। लोगों को त्याग की परिभाषा बताते हैं।

### तड़के 3 बजे होती है जैन मुनि की सुबह

जैन धर्म में शुरुआत से तप और त्याग की विशेष मान्यता रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों व दूसरे राज्यों से हजारों किलोमीटर पद विहार कर चातुर्मास करने शहर पहुंचे जैन मुनियों व साध्वियों की दैनिक दिनचर्या में हर दिन नए तरह का त्याग को देखा जा सकता है। उनका कहना है कि प्रायः जैन मुनि की सुबह तड़के 3 बजे होती है और वे रात 10 बजे सोते हैं। इस तरह केवल 5 घंटे की नींद ही लेते हैं। इसी बीच 18 घंटे काम करते हैं, जिसमें परमात्मा की आराधना से लेकर प्रवचन के जरिए भगवान महावीर के उद्देश्यों को पहुंचाने का काम करते हैं। कुछ संत दो दिन की आड़ में केवल एक दिन भोजन करते हैं तो कुछ एक दिन में एक बार ही



भोजन करते हैं। महीने के 30 दिन में 15 से 20 दिन उपवास और व्रत में गुजरता है। जैन साध्वियों व मुनियों के दैनिक दिनचर्या के हर कार्यों में त्याग का भाव देखा जा सकता है।

### दिन में चार बार स्नात्र पूजा का पाठ

मुनि प्रियदर्शी विजय ने बताया कि परमात्मा की स्नात्र पूजा का दिन में तीन-चार बार पाठ करना चाहिए। इससे जीवन में से मानसिक तनाव दूर हो जाता है। तप के दौरान यह लगातार किया गया। उन्होंने बताया कि स्नात्र पूजा का पाठ नियमतः दिन में तीन बार अवश्य करना चाहिए। आज के भागमभाग भरे जीवन में व्यक्ति अत्यधिक तनाव में रहता है। अपने तनाव को दूर करने के लिए यदि वह भगवान की भक्ति में ध्यान लगाए तो मन को शांति प्राप्त होती है। इसलिए मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए स्नात्र पूजा का पाठ दिन में तीन से चार बार अवश्य करना चाहिए।

### आज निकलेगी सिद्धि शिखर विजय यात्रा

रायपुर नगर में पहली बार 100 से अधिक सिद्धि तप की कठिन तपस्या की गई है। रायपुर की साध्वी चिंतननिधिजी सहित 115 तपस्वियों ने सिद्धि तप की कठिन तपस्या की है। सिद्धि तप के तपस्वियों के राजशाही पारणा के दूसरे दिन 10 सितंबर को सुबह 9 बजे विवेकानंद नगर से सिद्धि शिखर विजय यात्रा निकाली जाएगी, जो चतुर्विद संघ के परम सानिध्य में बैंड,बाजा बग्गियों के साथ इंडोर स्टेडियम जाएगी।

# जैविक खेती को लेकर अभी भी किसानों में भ्रांतियां, इससे कम नहीं होता उत्पादन

### श्री बलराम जयंती : गौ आधारित कृषि पर कार्यशाला, जुटे विशेषज्ञ



**रायपुर।** गौ-आधारित प्राकृतिक खेती किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोलेगी। जैविक खेती से जुड़कर धान के कटोरे के किसान समृद्ध होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित श्री बलराम जयंती समारोह में ये बातें कहीं। उन्होंने इस मौके पर भगवान श्री बलराम जी की जयंती को हर वर्ष किसान दिवस के रूप मनाने का आव्हान भी किया। गौ-आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रेरित करने वाले उत्कृष्ट कृषकों को सम्मानित भी किया गया। समारोह की अध्यक्षता कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम ने की। उन्होंने कहा, श्री बलराम के प्रमुख अस्त्र हल एवं मूसल हैं जो क्रमशः कृषि एवं प्रसंस्करण का प्रतीक हैं। वे हमेशा अपने साथ एक हल रखते थे, इसीलिए उन्हें हलधर के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें गायें भी अतिप्रिय थीं और वे गौ-आधारित कृषि संस्कृति के प्रणेता भी माने जाते हैं। आज देश में प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए अच्छा माहौल बन रहा है और पढ़े लिखे युवा भी अच्छी नौकरियां छोड़कर प्राकृतिक खेती को ओर अग्रसर हो रहे हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमें कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान के जरिए गौ-आधारित प्राकृतिक खेती की ओर आगे आने की जरूरत है।

### वैचारिक रूप से परिपक्व होना जरूरी

भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री व मुख्य वक्ता दिनेश कुलकर्णी ने किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज जैविक एवं प्राकृतिक खेती की जरूरत है। मांग के अनुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। हमें जैविक और प्राकृतिक खेती के लिए वैचारिक रूप से परिपक्व होना चाहिए। प्राकृतिक कृषि के बारे में कई प्रकार की भ्रान्तियां है कि इससे उत्पादन कम प्राप्त होता है, जबकि यह सत्य नहीं है। उचित तरीके से प्राकृतिक एवं जैविक कृषि कर अनेक किसान भरपूर उत्पादन एवं आय प्राप्त कर रहे हैं।

### खैरागढ़, कांकेर से पहुंचे किसान

पुरस्कृत कृषकों में बिलासपुर के माखनलाल श्रीवास, खैरागढ़ के अखिल जैन, बलौदाबाजार के दिनेश्वर वर्मा, बलौदाबाजार, धमतरी के रमनलाल साहू, रायगढ़ के नारायण कुमार गबेल और कांकेर की निर्मला भास्कर शामिल रहीं। विधायक मोतीलाल साहू, अखिल भारतीय किसान संघ के सुरेश चन्द्रवंशी, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, विशेष सचिव कृषि डॉ. सारांश मित्तर सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

# रविवि यूथ फेस्ट 26 नवंबर से विजेता कर्नाटक में करेंगे नेतृत्व



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि का यूथ फेस्ट 26 से 28 नवंबर तक यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित होगा। इसके लिए विवि द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। विवि से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र इसमें हिस्सा ले सकेंगे। इसके लिए छात्रों के नाम संबंधित महाविद्यालयों द्वारा ही भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इसके विजेता छात्र रविवि में अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉलेजों द्वारा नाम भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तय की गई है। अर्थात कॉलेजों को इसके पूर्व आयोजन कराकर छात्रों के नाम विश्वविद्यालय प्रबंधन को भेजने होंगे। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के अंतर्गत नृत्य, संगीत सहित फाइन आर्ट्स संबंधित स्पर्धाएं होंगी। साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे। इसमें जो छात्र विजेता बनेंगे, उन्हें रविवि के नेतृत्व का मौका मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए यूथ फेस्ट का आयोजन बेंगलुरू कर्नाटक में होगा। यहां के प्रेसीडेंसी विवि को यह मेजबानी मिली है। 12 से 16 फरवरी के मध्य 38वें साउथ-ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल की स्पर्धाएं होंगी। रविवि ने इस संबंध में सभी महाविद्यालयों को खत प्रेषित कर दिया है।


**अगले वर्ष 12 से 16 फरवरी तक चलेगा 38वां साउथ-ईस्ट जोन यूथ फेस्ट**

### शहर की झांकी : नवीन मार्केट स्थित गणेश उत्सव स्थल पर केदारनाथ की तरह स्थल सज्जा

# केदारनाथ थीम पर 25 कारीगरों ने सजाया पंडाल, स्थापित किया सिद्धि विनायक प्रतिरूप, अद्भुत है यहां की नक्काशी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** गणेश चतुर्थी से एक सप्ताह पहले ही उत्सव के लिए तैयारी का दौर तेज हो गया था। अब पंडालों में लंबोदर की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। इससे फूल चौक नयापारा गणेश उत्सव समिति द्वारा नवीन मार्केट में केदारनाथ थीम पर बनवाया गया पंडाल भी अछूता नहीं है। इसे संवारने का सिलसिला स्थापना से एक सप्ताह पहले शुरू किया गया था। तब 50 फीट लंबा और 50 फीट चौड़ा भव्य पंडाल बनकर तैयार हुआ। इसे आकार देने के लिए शहर के 25 कारीगरों को सात दिन पसीना बहाना पड़ा। तब भव्य व आकर्षक पंडाल आकार ले पाया। इसके पहले नवीन मार्केट में गणेश स्थापना नहीं की जाती थी। पहला अवसर है, जब धीरज बावनकर ने युवाओं के साथ मिलकर गणेश पंडाल को भव्य स्वरूप देते हुए विघ्नहर्ता को स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। इस भव्य पंडाल को लेकर भी इन दिनों लोगों के बीच चर्चा है।



### धार्मिक माहौल देने की कोशिश

समिति के सहयोगी विकास शिर्के ने बताया कि इस पंडाल को ताम-झाम से दूर रखते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक माहौल देने का प्रयास किया गया है। केदारनाथ मंदिर की तरह पंडाल को तैयार करने में की गई नक्काशी भी लोगों को रास आ रही है। इसे 50 बाई 50 वर्गफीट क्षेत्र में संवारने का प्रयास किया है। इसे युवा कारीगरों में एक सप्ताह से मूर्त रूप देने में सफलता प्राप्त की। सात सितंबर को इसे बनाने की प्रक्रिया 25 कलाकारों ने पूरी की। अब दर्शन के लिए आने वाले लोग पंडाल के आस-पास सेल्फी बनाने में भी रुचि ले रहे हैं।

### समानता का भाव रखने किसी को पद नहीं



समिति सदस्यों ने बीते दिनों सिद्धि विनायक के दर्शन किए और वहीं से गणेश स्थापना का संकल्प लेकर वे वापस लौटे। गणेश उत्सव समिति में सभी सहयोगी युवा हैं। सभी समान भाव से विघ्नहर्ता की सेवा करें, इसलिए किसी को पद की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। पंडाल को केदारनाथ का स्वरूप देने के साथ ही इसमें वहां की तरह ही शिवलिंग और नंदी का स्वरूप स्थापित किया गया है। स्थल सज्जा भी आस्था केन्द्र की तर्ज पर ही किया गया है। जो लोग केदारनाथ की यात्रा कर चुके हैं, उन्हें पंडाल में वैसा ही माहौल मिलेगा।

ज्योतिष

## दीपावली बाद शनिदेव इन राशि वालों को कर देंगे मालामाल




सभी ग्रहों में शनिदेव सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह माने गए हैं। शनि किसी एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहते हैं, फिर इसके बाद दूसरी राशि में गोचर करते हैं। शनि राशि परिवर्तन करने के साथ-साथ मार्गी और वक्री भी होते हैं। शनि जब भी राशि परिवर्तन करते हैं या फिर अपनी चाल में बदलाव लाते हैं तो इसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों पर पड़ता है। शनिदेव को ज्योतिष में कर्मफलदाता और न्याय के देवता हैं। शनि अभी अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजमान हैं और जून माह से वक्री अवस्था में हैं जो दिवाली के बाद मार्गी होने जा रहे हैं। शनि के मार्गी होने के कुछ राशि के लोगों पर विशेष कृपा मिल सकती है। आइए जानते हैं शनि के मार्गी होने पर कौन-कौन सी राशियां भाग्यशाली होंगी।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के लिए दिवाली के बाद शनि का मार्गी होना बहुत ही लाभदायक साबित हो सकता है। शनिदेव आपकी राशि से नौवें भाव में मार्गी होंगे। ऐसे में मिथुन राशि के जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। शुभ परिणामों की प्राप्ति होगी। आकस्मिक धन लाभ के योग बनेंगे। नौकरी पेशा जातकों को नौकरी में अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक राशि :** शनि देव का वक्री से मार्गी होना वृश्चिक राशि के जातकों के लिए अनुकूल साबित हो सकता है। शनिदेव आपकी राशि से चौथे भाव में मार्गी होंगे जिससे आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मकान, वाहन आदि की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा शनिदेव की दृष्टि आपकी कुंडली के 10वें भाव पर पड़ रही है जिससे नौकरी के लिए आने वाला समय अच्छा होगा।

**मकर राशि :** मकर राशि के स्वामी ग्रह स्वयं शनिदेव हैं और शनि का मार्गी होना आपके लिए बहुत ही शुभ लाभदायक साबित होगा। शनिदेव आपकी कुंडली के दूसरे भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। कुंडली का दूसरा भाव धन का भाव होता है। ऐसे में धन लाभ के अवसरों में वृद्धि के संकेत हैं। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

## वास्तु के अनुसार अच्छी नींद के लिए जानिए शयनकक्ष में क्या रखें, क्या नहीं



शयन कक्ष एक ऐसा स्थान है जहां हम दिनभर की थकान मिटाकर शांति और सुकून प्राप्त करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शयन कक्ष में रखी वस्तुओं का हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए, सही वस्तुओं का चयन और सही दिशा में उनका स्थान महत्वपूर्ण होता है। आइए जानते हैं कि शयन कक्ष में क्या रखें और क्या न रखें जिससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहे।

**बिस्तर की दिशा :** शयन कक्ष में बिस्तर को दक्षिण या पश्चिम दीवार के सहारे रखना शुभ माना जाता है। सोते समय आपका सिर दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। यह दिशा स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए उत्तम मानी जाती है।

**सॉफ्ट लाइटिंग :** शयन कक्ष में हल्की और मृदु रोशनी का प्रयोग करना चाहिए। यह कमरे में शांत और सौम्य ऊर्जा का संचार करती है, जिससे नींद अच्छी आती है। तेज और चमकदार लाइट से बचना चाहिए क्योंकि यह तनाव और बेचैनी पैदा कर सकती है।

**सकारात्मक चित्र :** कमरे की दीवारों पर सकारात्मक ऊर्जा देने वाले चित्र लगाने चाहिए। जैसे प्राकृतिक दृश्य, फूल, खुशहाल परिवार के चित्र, या राधा-कृष्ण की तस्वीरें, ये कमरे में शुभता और शांति का माहौल बनाए रखते हैं।

**वृक्ष और पौधे :** शयन कक्ष में छोटे इनडोर पौधे जैसे स्नेक प्लांट या लैवेंडर रखना शुभ होता है। ये पौधे हवा को शुद्ध करते हैं और सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखते हैं। ध्यान रखें कि कांटेदार पौधे जैसे कैक्टस आदि कमरे में न रखें।

**साफ-सुथरा वातावरण :** शयन कक्ष को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना चाहिए। अव्यवस्थित कमरा नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है और मन पर बोझ डालता है। साथ ही, हर दिन कमरे को हवादार करना चाहिए ताकि ताजी हवा का प्रवाह बना रहे।

### शयन कक्ष में क्या न रखें

दर्पण का गलत स्थान : वास्तु के अनुसार शयन कक्ष में दर्पण को बिस्तर के सामने नहीं लगाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि सोते समय दर्पण में अपनी छवि दिखने से तनाव और अनिद्रा हो सकती है। अगर दर्पण लगाना आवश्यक हो, तो उसे ढक कर रखें।


इलेक्ट्रॉनिक उपकरण : शयन कक्ष में टीवी, मोबाइल, लैपटॉप आदि का उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। ये उपकरण इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन उत्पन्न करते हैं, जो हमारी नींद को प्रभावित करते हैं। इन्हें कमरे से बाहर रखना या कम से कम उपयोग करना चाहिए।

तीखी या नकारात्मक कलाकृतियां : शयन कक्ष में युद्ध, हिंसा या उदासी दर्शाने वाली तस्वीरें या कलाकृतियां नहीं होनी चाहिए। ये मानसिक शांति में बाधा डालती हैं और नकारात्मक भावनाओं को प्रेरित करती हैं।

कुछ हालातों में ये गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का भी संकेत हो सकता है

# अक्सर होती रहती है सांस लेने में दिक्कत? कहीं आपको ये गंभीर बीमारियां तो नहीं

शरीर स्वस्थ रहे और सभी अंगों को बेहतर तरीके से ऑक्सीजन मिलती रहे, इसके लिए जरूरी है कि सांस लेने में सहायक सभी अंग ठीक तरीके से काम करते रहें। हालांकि, अक्सर कई लोगों को सांस फूलने और सांस लेने में दिक्कत बनी रहती है। अगर आप भी इस तरह की समस्याओं के शिकार हैं तो समय रहते किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कुछ स्थितियों में ये गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का भी संकेत हो सकता है। हमारा दिल और फेफड़े शरीर के सभी ऊतकों तक रक्त के माध्यम से ऑक्सीजन पहुंचाते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालते हैं। इसमें आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा के कई तरह के दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



### गंभीर समस्याओं का हो सकता है संकेत

डॉक्टर बताते हैं, सांस की तकलीफ कई मामलों में अस्थमा, एलर्जी या चिंता जैसी अन्य स्थितियों का भी संकेत हो सकती है। तीव्र व्यायाम या सर्दी-जुकाम होने से भी आपको सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। हालांकि, क्रोनिक यानी लंबे समय से बनी रहने वाली सांस की समस्या कई बार गंभीर स्थितियों का भी संकेत मानी जाती है, जिस पर गंभीरता से ध्यान देते रहने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि इसके क्या कारण हो सकते हैं?



### पैनिक अटैक या स्ट्रेस की समस्या

मानसिक तनाव या घबराहट के कारण भी अचानक सांस फूलने की समस्या हो सकती है। पैनिक अटैक में सामान्य से तेज और सांस में उतार-चढ़ाव की दिक्कत बढ़ जाती है। स्ट्रेस और एंग्जाइटी या फिर डिप्रेशन जैसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी सांस लेने में तकलीफ देखी जाती है। इन स्थितियों का समय पर निदान और उपचार करना बहुत जरूरी हो जाता है।

### हृदय रोगों का भी जोखिम

कमजोर या क्षतिग्रस्त हृदय के कारण भी ठीक से रक्त पंप कर पाना कठिन हो जाता है, जिससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भरने लगता है और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। हार्ट फेलियर इसका एक प्रमुख कारण है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, अक्सर सांस लेने में बनी रहने वाली समस्या कई गंभीर हृदय रोगों जैसे कार्डियोमायोपैथी (हृदय की मांसपेशियों में समस्या), हार्ट फेलियर या पेरीकार्डिटिस (हृदय के आस-पास के ऊतकों की सूजन) का संकेत हो सकती है। इसपर समय पर ध्यान न देना जानलेवा हो सकती है।

### गंभीर श्वसन रोगों की समस्या


लंबे समय से सांस की तकलीफ बनी हुई है तो ये गंभीर श्वसन रोगों का संकेत हो सकता है। अस्थमा की बीमारी जो फेफड़ों में वायुमार्ग को प्रभावित करती है, इसमें भी आपको सांस की दिक्कत हो सकती है। इसी तरह सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) की स्थिति जो फेफड़ों में वायु प्रवाह को अवरुद्ध करने वाली बीमारियों का एक समूह है, ऐसे रोगियों को भी सांस फूलने की समस्या महसूस होती है। इन बीमारियों में त्वरित और लंबे समय तक चलने वाले उपचार की आवश्यकता होती है। इसलिए समय रहते इसका निदान और इलाज बहुत आवश्यक माना जाता है।

## चेहरे पर नहीं दिखेगा बढ़ती उम्र का असर अपने खान-पान में इन्हें कर लें शामिल

खूबसूरत, जवान और फिट दिखना हर किसी की चाहत होती है, लेकिन उम्र पर कोई पहरा नहीं है और बढ़ती उम्र के साथ चेहरे की रंगत भी धीरे-धीरे कम होने ही लगती है। अब कोई अपनी बढ़ती हुई उम्र को तो रोक नहीं सकता लेकिन अपनी कुछ आदतों को बदलकर, बढ़ती उम्र की वजह से चेहरे व शरीर पर दिखने वाले लक्षणों जैसे फाइन लाइन्स, झुर्रियों आदि को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### छाछ और अलसी का करें सेवन

दही में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके साथ ही अलसी के बीज में ओमेगा 3 एसिड पाया जाता है। एक कप दही से बनी छाछ में, एक चम्मच अलसी के बीज का चूरा मिलाकर पीने से पेट की जलन, कब्ज और गैस की समस्या दूर होती है। इससे डाइजेशन अच्छा होता है। डाइजेशन अच्छा होने की वजह से चेहरे पर निखार खुद व खुद आ जाता है। आप अलसी के बीजों से अपने फेस के लिए फेसपैक और बालों के लिए हेयरमास्क बना सकती हैं।



### खाली पेट खाएं लहसुन

जब पेट स्वस्थ रहता है और आपका पाचन सही रहता है तो चेहरे पर अपने आप ग्लो आने लगता है। पाचन संबंधित समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से सुबह खाली पेट लहसुन की कली खानी चाहिए। आप लहसुन की एक कली का पेस्ट बनाकर पानी के साथ इसे खा सकती हैं।



## मेडिटेशन करने का सही तरीका नहीं मालूम तो फॉलो करें ये 5 आसान स्टेप

शांत जगह मेडिटेशन करने से मेंटल बैलेंस बना रहने के साथ टेंशन और ओवरथिंकिंग जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है। अगर आप भी किसी वजह से मेडिटेशन नहीं कर पाते हैं तो ये 5 टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।

रोजमर्रा के जीवन की भागदौड़ और टेंशन के बीच सेहत और सुकून की चाबी मेडिटेशन को माना जाता है। लेकिन आम जीवन में नियमित रूप से मेडिटेशन का अभ्यास हर कोई नहीं कर पाता है। जिसका पहला कारण फोकस की कमी का होना है। दरअसल, मन में चलने वाले विचार और चिंताएं व्यक्ति को एक जगह उसका ध्यान केंद्रित नहीं करने देते हैं। फोकस करने के लिए हमेशा किसी शांत जगह पर बैठें। शांत जगह मेडिटेशन करने से मेंटल बैलेंस बना रहने के साथ टेंशन और ओवरथिंकिंग जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

**फोकस पर रखें ध्यान :** मेडिटेशन ना कर पाने के पीछे सबसे बड़ी वजह फोकस की कमी को माना जाता है। कुछ लोगों को लगता है कि मेडिटेशन सिर्फ सुबह या रात को ही किया जा सकता है। लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं होता है। दरअसल, मेडिटेशन करने का कोई एक समय निश्चित नहीं होता है। जब कभी आप खुद को शांत और सुकून में महसूस करें, मेडिटेशन कर सकते हैं।

**दिन भर की बातें एक-एक करके याद करना :** यह मेडिटेशन करने का सबसे आसान तरीका है। इस उपाय को करने के लिए व्यक्ति को एक-एक करके पूरे दिन की दिनचर्या को याद करना होता है। ज्यादातर लोग इस तरह के मेडिटेशन को रात के समय करते हैं। ऐसा करके आप दूसरों के लिए अपना और अपने लिए दूसरों का नजरिया भी समझ पाते हैं। इस तरह मेडिटेशन करने को 'प्रति प्रश्न साधना' के नाम से जाना जाता है।

**ओम का उच्चारण :** रात को किया जाने वाला ये मेडिटेशन, करने में बेहद आसान होता है। इसे करते समय व्यक्ति रात को सोने से पहले भगवान का नाम या ओम का उच्चारण करता है। इस तरह का मेडिटेशन करके व्यक्ति को अपने वर्तमान में रहने में मदद मिल सकती है। यह मेडिटेशन 5 से 10 मिनट तक करना चाहिए।

**आज्ञा चक्र पर लगाएं ध्यान :** माथे के उस स्थान पर जहां, महिलाएं बिंदी लगाती हैं, आज्ञा चक्र बना होता है। इस मेडिटेशन को करते समय व्यक्ति को अपने आज्ञा चक्र पर ध्यान केंद्रित करना होता है। शुरुआत में ये मेडिटेशन 5 मिनट तक किया जा सकता है, जिसके बाद धीरे-धीरे इसकी समय अवधि को बढ़ाया जा सकता है।

**सांसों पर रखें अपना ध्यान :** मेडिटेशन के इस तरीके को आजमाते समय व्यक्ति को सांस लेते और बाहर छोड़ते समय, अपनी हर सांस पर ध्यान लगाना होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस समय व्यक्ति के मन में कई विचार एक साथ घूम रहे होते है। शुरूआत में आप इस तरह के मेडिटेशन को 5 मिनट के लिए कर सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टेलर-ट्रैविस से प्रेरित होकर बनाई जा रही फिल्म पॉप स्टार और खिलाड़ी का दिखेगा रोमांस



**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट को हाल ही में, अपने प्रेमी ट्रैविस केल्स के मैच के दौरान उनका हौसला बढ़ाते हुए देखा गया। ट्रैविस केल्से एक फुटबॉल खिलाड़ी हैं, जो कैनसस सिटी चीफ्स की ओर से खेलते हैं। उनकी टीम ने बाल्टीमोर रेवेन्स को मात दी है। दोनों का रिश्ता काफी चर्चा में हैं और इसी बीच खबर आ रही है कि दोनों के रिश्ते से प्रेरित होकर एक फिल्म भी बनाई जा रही है। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस ने पहली दफा अपने अफेयर की पुष्टि अक्टूबर 2023 में की थी। दोनों को साथ आए एक साल होने वाला है। हॉलीवुड रिपोर्टर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के प्रेम संबंध से प्रेरित होकर बन रही फिल्म का नाम 'क्रिसमस इन द स्पॉटलाइट' है। 'क्रिसमस इन द स्पॉटलाइट' की कहानी में दो अहम किरदार होंगे। इनमें से एक है- पॉप स्टार और दूसरा- पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी। इसमें जेसिका लॉर्ड पॉप गायिका के किरदार में नजर आएंगी और लेथ वॉल्सचलेगर फुटबॉल खिलाड़ी की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म की कहानी को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान बोविन नाम की पॉप स्टार की मुलाकात फुटबॉल खिलाड़ी डू से होती है। बोविन से मिलने के बाद डू सार्वजनिक रूप से घोषणा करता है कि उसका बोविन पर क्रश है। इसके बाद दोनों एक-दूजे को डेट करने लगते हैं।

### टॉलीवुड

## हेमा समिति रिपोर्ट का दिखा असर, यौन अपराध में लिप्त कलाकारों पर बैन लगाने का प्रस्ताव




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय कलाकारों के संगठन नदीगर संगम ने यौन अपराध में लिप्त कलाकारों पर पांच साल का प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा है। मालूम हो कि हाल ही में, जस्टिस हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद मलयालम सिनेमा में महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए गए थे। इस रिपोर्ट के बाद से फिल्म इंडस्ट्री में हड़कंप मचा हुआ है और अलग-अलग इंडस्ट्री के कलाकार कुछ कड़े कदम उठाने की मांग भी कर रहे हैं। मशहूर अभिनेता नास्सर ने कहा कि अगर कोई कलाकार यौन अपराध में लिप्त है और किसी फिल्म में काम कर रहा है तो उसका असर निर्माता पर पड़ सकता है। इसलिए निर्माताओं को पहले से ही सजग रखने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है। बता दें कि इस प्रस्ताव के तहत बैन करने की सिफारिश प्रोड्यूसर एसोसिएशन को भेजी जाएगी। नास्सर ने कहा कि अब एक नई समिति बनाई गई है, जिसमें कुछ वकील और एनजीओ द्वारा इस तरह के मामलों पर गंभीरता से काम किया जाएगा। नास्सर से पूछा गया कि क्या जस्टिस हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद तमिल फिल्म इंडस्ट्री में भी कुछ शिकायत सुनने को मिली है। इस पर नास्सर ने कहा कि हमने साल 2019 में नदीगर संगम में एक समिति बनाई थी। उस वक्त कुछ शिकायतें मिली थी, जिसके बाद हमने पूछताछ शुरू की थी, लेकिन हम उसके बारे में खुलासा नहीं कर सकते हैं। बता दें कि नदीगर संगम दक्षिण भारतीय कलाकारों का एक संघ है और नास्सर इसके अध्यक्ष हैं।

### भोजपुरी

## 'लॉलीपॉप लागेलू' गाकर छा गए आयुष्मान खुराना, सुर्खियां बटोर रहा वीडियो



**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बहुमुखी कलाकार हैं। अभिनेता के साथ वह अच्छे गायक भी हैं। हाल ही में आयुष्मान खुराना को एक कार्यक्रम के दौरान अलग अंदाज में देखा गया। दरअसल, बिहार में अभिनेता ने भोजपुरी गीत 'लॉलीपॉप लागेलू' पर प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। सोशल मीडिया पर अभिनेता का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आयुष्मान ने इस गाने पर पटना के एम्स के कॉलेज फेस्ट के दौरान प्रस्तुति दी। खुद आयुष्मान ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से इस कार्यक्रम के क्लिप फैंस के साथ साझा किए हैं। वीडियो में उन्हें पूरा ऊर्जा के साथ भोजपुरी गीत गाते और थिरकते हुए देखा जा सकता है। वहां मौजूद फैंस भी उनके इस गाने से काफी खुश नजर आए। वीडियो में भीड़ को उत्साहपूर्वक नाचते और प्रस्तुति का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। आयुष्मान को अभिनय के साथ संगीत से भी काफी ज्यादा लगाव है। इस बात को वह कई साक्षात्कार में भी बता चुके हैं। गायन के साथ वह गिटार, कीबोर्ड, पर्क्यूशन, माउथ ऑर्गन और ड्रम सहित विभिन्न संगीत वाद्ययंत्र बजाने में भी दक्ष है। आयुष्मान ने अब तक कई लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज दी है। उन्होंने पानी दा रंग, साडी गली आजा , मिट्टी दी खुशबू, नज्म नज्म, और मेरे लिए तुम काफी हो जैसे शानदार गाने गाए हैं। उनके इन गानों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। वर्क फ्रंट की बात करें तो आयुष्मान जल्द ही वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर में नजर आने वाले हैं।

## लाल सूट में बेस्ट लुक

### लाइफ स्टाइल



अंबानी के घर हुए गणपति उत्सव में बॉलीवुड के सितारों ने भी हिस्सा लिया और इस लिस्ट में कई एक्ट्रेसेज शामिल हुईं। जहां उनका ट्रेडिशनल लुक फैंस को इंप्रेस कर रहा है। कियारा आडवाणी से लेकर अनन्या पांडे, सारा अली खान, करीना, सोनम कपूर और भूमि पेडनेकर का जबरदस्त लुक देखने को मिला। वहीं, इन एक्ट्रेसेज में एक चीज कॉमन दिखी वो है लाल रंग। सोनम कपूर से लेकर बेबो, भूमि, श्रद्धा कपूर लाल रंग के सुंदर सूट में नजर आईं। अगर आप लाल कुर्ते को पहनने से झिझकती हैं तो देख लें करीना कपूर से लेकर भूमि पेडनेकर में लुक। बॉलीवुड की बेबो इस बार अपने स्वैग में दिखीं। डिजाइनर सब्यसाची के कुर्ते में रेडी करीना कपूर का लुक गॉर्जियस दिख रहा था।

## हर किसी के पास होने चाहिए ये हेयर केयर प्रोडक्ट जिनकी वजह से रेशम से लहराएंगे बाल

वैसे तो हर कोई ये चाहता है कि उसके बाल लंबे, घने और चमकदार हों, लेकिन बढ़ते प्रदूषण की वजह से ऐसे बाल पाना काफी मुश्किल हो गया है। बालों का ध्यान रखने के लिए लोग सैलून जाकर तमाम तरह के हेयर ट्रीटमेंट कराते हैं। वैसे तो हर किसी के बालों की जरूरतें अलग-अलग होती हैं, लेकिन कुछ ऐसे हेयर केयर प्रोडक्ट्स होते हैं जो सभी के पास होने चाहिए। ताकि बाल स्वस्थ, मजबूत और खूबसूरत बने रहें।

इन प्रोडक्ट्स के साथ नियमित हेयर केयर रूटीन रखकर बालों को स्वस्थ, सुंदर और मजबूत बनाए रखे जा सकता है। ऐसे में सही प्रोडक्ट्स का चुनाव और उनका सही इस्तेमाल बालों की देखभाल में अहम भूमिका निभाता है। इसी के चलते यहां कुछ ज़रूरी हेयर केयर प्रोडक्ट्स की सूची दी गई है, जो हर किसी के पास होने चाहिए। अगर आप सही तरह से बालों का ध्यान रखना चाहते हैं तो अपने साथ ये हेयर केयर प्रोडक्ट अवश्य रखें।

### सही शैंपू

अगर बालों की देखभाल सही से करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने बालों के टाइप के हिसाब से शैंपू का चयन करें। यह स्कैल्प और बालों को साफ रखने और बालों की समस्याओं से निपटने में मदद करता है। इसे खरीदते वक्त ध्यान रखें कि इसमें सल्फेट न हो।



### कंडीशनर

बालों को नमी प्रदान करने के लिए कंडीशनर काफी अहम भाग है। ये आपके लंबे-घने बालों को हाइड्रेट करता है और उन्हें पोषण प्रदान करता है, जिससे बाल चमकदार और स्वस्थ दिखते हैं। इसे खरीदते वक्त भी अपने बालों के प्रकार का ध्यान रखें।

### हेयर ऑयल

सही प्रकार का तेल आपके बालों को पोषण देने, जड़ों को मजबूत बनाने और बालों को प्राकृतिक चमक देने में मदद करता है। ऐसे में समय-समय पर बालों में मालिश करें और फिर इसका असर देखें।

### हेयर सीरम

अगर आपके बाल काफी फ्रिजी हैं तब तो हेयर सीरम आपके लिए काफी जरूरी है। इसके अलावा अगर आपके बाल झड़ते हैं तो हेयर सीरम एक आवश्यक प्रोडक्ट है। यह बालों को स्मूद और चमकदार बनाता है, साथ ही उन्हें उलझने से बचाता है, जिससे बालों का झड़ना कम हो जाता है।

## बारिश के मौसम में पैरों में हो रहा है फंगल इंफेक्शन तो ऐसे करें बचाव



मानसून का मौसम है। इस मौसम में लोग अपने परिवार के संग घूमने जाते हैं। घरों में तमाम तरह के व्यंजन बनाते हैं और उसका आनंद लेते हैं। ये मौसम वैसे तो काफी सुहाना होता है, लेकिन ये अपने साथ कई परेशानियां लेकर आता है। बारिश की वजह से जनजीवन काफी प्रभावित होता है। जगह-जगह जलभराव से लोगों को काफी परेशानी होती है। इसके साथ ही इससे लोगों के शरीर पर भी काफी प्रभाव पड़ता है।

बारिश का मौसम लोगों की त्वचा पर भी काफी असर डालता है। बारिश में फंगल इन्फेक्शन तो जैसे बेहद आम समस्या है। खास तौर पर यह समस्या पैरों को प्रभावित करती है। अक्सर कुछ मामूली सी गलतियां की वजह से पैरों में खुजली मचने लगती है, जो फंगल इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। इसी के चलते आज यहां हम आपके पैरों को फंगल इंफेक्शन से बचने के आसान तरीके बताएंगे। इसके लिए आपको बस कुछ बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

### पैरों को सूखा और साफ रखें



ये काफी कठिन काम है, लेकिन बारिश के मौसम में अपने पैरों को हमेशा सूखा और साफ रखें। पैर भीगे रहने की वजह से फंगल इंफेक्शन का शिकार होते हैं।

**सही फुटवियर चुनें :** बारिश के मौसम में खुले सैंडल या फ्लिप-फ्लॉप पहनें ताकि पैरों में नमी जमा न हो। नमी जमने की वजह से ही खुलजी की समस्या होती है। वॉटरप्रूफ जूते भी पहन सकते हैं, लेकिन घर आने के बाद उन्हें उतारकर पैरों को सुखा लें।

**एंटी-फंगल पाउडर करें इस्तेमाल :** इस मौसम में अपने पैरों पर एंटी-फंगल पाउडर का उपयोग करें। इसका इस्तेमाल खासतौर पर उंगलियों के बीच जरूर करें। यह नमी को कम करने और फंगल इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है।

**स्वच्छता बनाए रखें :** बारिश के इस मौसम में अपने पैरों की नियमित सफाई करें। रात में पैरों को धोकर सुखाने के बाद मॉइस्चराइजर लगाएं। ध्यान रखें कि उंगलियों के बीच किसी भी तरह की क्रीम न लगाएं।

## इन लोगों को भूल कर भी त्वचा पर नहीं करना चाहिए नारियल तेल का इस्तेमाल

अक्सर आपने अपने घर के बड़ों को ये कहते सुना होगा कि यदि मौसम बदल रहा है और त्वचा का रूखापन बढ़ रहा है तो बिना सोचे नारियल के तेल को त्वचा पर लगा लो। ये एक प्राकृतिक तेल होता है, जिसे सूखे हुए नारियल का इस्तेमाल करके तैयार किया जाता है। ऐसे में बहुत से लोग मॉइस्चराइजर की जगह इसी का इस्तेमाल करते हैं। वैसे तो इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा को काफी फायदा हो सकता है, लेकिन ये बहुत ही कम लोगों को पता होता है इसके इस्तेमाल से त्वचा खराब भी हो सकती है।

नारियल तेल कई लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों को इसे त्वचा पर लगाने से बचना चाहिए। अगर आप बिना विशेषज्ञ की सलाह के नारियल तेल का इस्तेमाल अपनी त्वचा पर करेंगे तो ये नुकसानदायक साबित हो सकता है। यहां हम बताने जा रहे हैं कि किन लोगों को इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।



### तैलीय त्वचा वाले लोग

अगर आपकी त्वचा काफी ज्यादा तैलीय है तो नारियल तेल के इस्तेमाल से आपको बचना चाहिए। दरअसल, नारियल तेल में कॉमेडोजेनिक होता है, जिसका मतलब है कि ये तेल आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकता है। इससे मुंहासे होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

### मुंहासों की समस्या से ग्रस्त लोग

अगर आपकी त्वचा पर पहले से ही मुंहासे हैं तो नारियल तेल लगाने से यह समस्या और बढ़ सकती है क्योंकि यह छिद्रों को बंद कर सकता है। ऐसे में नारियल तेल का इस्तेमाल कतई न करें।

### एलर्जी से परेशान लोग

बहुत से लोगों को त्वचा पर एलर्जी काफी जल्दी हो जाती है। ऐसे में इन लोगों को भी नारियल तेल इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। बिना पैच टेस्ट के इसके इस्तेमाल से खुजली, लालिमा, जलन या सूजन हो सकती है। एलर्जी का संदेह हो तो पैच टेस्ट करना बेहतर होता है।

## मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल के हैं कई फायदे

आज के समय में कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा हमेशा दमकती रहे। इसके लिए लोग तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। बावजूद इसके बदलते मौसम और लगातार बढ़ते प्रदूषण की वजह से त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। चेहरे पर तमाम तरह की परेशानियां आए दिन जन्म लेती रहती हैं, जिनसे राहत दिलाने में रेडीमेड प्रोडक्ट इतना मदद नहीं करते। इसी के चलते अब लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

चेहरे के लिए असरदार घरेलू नुस्खों में मुल्तानी मिट्टी का नाम शामिल है। ये त्वचा के लिए काफी फायदेमंद रहती है। चेहरे पर मुल्तानी इस्तेमाल करने का सोच रहे हैं तो पहले इसके फायदे जान लें। यहां इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में आपको शायद ही कोई बताएगा।



**त्वचा की गहरी सफाई :** अगर आप चाहते हैं कि चेहरे की सफाई अंदर तक हो तो मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करें। मुल्तानी मिट्टी त्वचा से गंदगी, तेल और टॉक्सिन्स को निकालकर गहरी सफाई करती है। यह त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करती है, जिससे आपकी त्वचा तरोताजा हो जाती है।

**चेहरे के अतिरिक्त तेल को साफ करना :** अगर आपकी त्वचा काफी ज्यादा तैलीय है तो भी आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये चेहरे का अतिरिक्त तेल को सोखने की क्षमता रखती है। यह त्वचा पर जमा अतिरिक्त तेल को नियंत्रित कर रोमछिद्रों को बंद होने से रोकती है, जिससे मुंहासों की संभावना कम हो जाती है।

**मुंहासों से दिलाता है राहत :** अक्सर चेहरे पर अतिरिक्त तेल आने की वजह से मुंहासों की समस्या होती है। मुल्तानी मिट्टी एंटीसेप्टिक और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जो मुंहासों की समस्या को कम करने में मदद करती है।

**त्वचा की रंगत निखारना :** मुल्तानी मिट्टी का उपयोग त्वचा की रंगत को सुधारने और धब्बों को हल्का करने में मदद करता है। यह त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाकर त्वचा को निखारती है और प्राकृतिक चमक प्रदान करती है।

### कार्नर न्यूज

**बदलती जीवन-शैली और गलत आदतों के कारण त्वचा पर काले, भूरे की समस्या देखी जा रही**

## त्वचा के काले धब्बों को न करें नजरअंदाज जानें इसकी वजह और सही उपचार

अगर आपके चेहरे पर बार-बार काले धब्बे उभर रहे हैं तो इसे गंभीरता से लें, क्योंकि कई बार ये आपकी सुंदरता को नुकसान पहुंचा देते हैं। बेदाग चेहरे का नूर तो देखते ही बनता है, मगर इसे बरकरार रख पाना भी आसान नहीं है, क्योंकि कभी चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं तो कभी काले धब्बे। आजकल बदलती जीवन-शैली और गलत आदतों के कारण त्वचा पर काले, भूरे, गुलाबी, ग्रे या लाल रंग के धब्बों की समस्या देखी जा रही है, जो अक्सर चेहरे, माथे और नाक पर अधिक दिखाई देते हैं। इनको मेलास्मा या हाइपरपिग्मेंटेशन भी कहा जाता है।



### उपचार जान लें

इस समस्या से निपटने के लिए विटामिन ई और सी से भरपूर पौष्टिक आहार का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीना त्वचा को हाइड्रेट रखता है और शरीर में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। अच्छी नींद भी त्वचा की मरम्मत और पुनर्निर्माण में सहायक होती है। इसके अलावा योग और ध्यान को दिनचर्या में शामिल करके आप तनाव को दूर करने का प्रयास कर सकती हैं, क्योंकि सुंदर और निखरी त्वचा के लिए तनाव का आपसे दूर रहना बेहद जरूरी है।

### क्या है वजह

ये अक्सर धूप में निकलने, उम्र बढ़ने, हार्मोन असंतुलन या त्वचा के आघात आदि से उत्पन्न हो सकते हैं। यह समस्या महिलाओं में अधिक देखी जाती है, क्योंकि वे जीवन में ढेर सारे हार्मोनल परिवर्तनों से गुजरती हैं, फिर चाहे वो उम्र बढ़ना हो, गर्भावस्था हो या रजोनिवृत्ति। ये बदलाव चेहरे पर धब्बे और पिग्मेंटेशन का कारण बनते हैं। वहीं फंगल संक्रमण भी चेहरे पर खुजली और काले धब्बे का एक आम कारण है।

### हाइपरपिग्मेंटेशन और मेलास्मा

हाइपरपिग्मेंटेशन त्वचा पर पड़ने वाले गहरे धब्बों को कहा जाता है। ये तब होते हैं, जब त्वचा में मेलेनिन नामक प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है। इससे त्वचा का रंग गहरा और काला नजर आने लगता है, जिस कारण डार्क स्पॉट दिखने लगते हैं। इसी तरह मेलास्मा भी मेलेनिन के अधिक मात्रा में बनने के कारण होता है, जिसमें गालों पर और नाक के आस-पास काले, भूरे, गुलाबी धब्बे बन जाते हैं।



### फोटोप्रोटेक्शन और सनस्क्रीन बेहतर

डॉ. अमित कुमार मीणा, सीनियर रेजिडेंट, त्वचा विज्ञान विभाग, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली का कहना है कि हाइपरपिग्मेंटेशन एक त्वचा विकार है, जो मेलानोसाइट गतिविधि और मेलेनिन उत्पादन को प्रभावित करने वाले कई आंतरिक और बाहरी कारकों से होता है। इन कारकों में अत्यधिक धूप में रहना, गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन, सरसों के तेल या आंवला तेल से एलर्जी और विशेष रूप से आनुवंशिक कारक शामिल हैं। इन स्थितियों के लिए वर्तमान उपचार में फोटोप्रोटेक्शन, डिपिगमेंटिंग एजेंट और लेजर ट्रीटमेंट शामिल हैं। इस परेशानी में यूवी किरणों से बचना जरूरी है और इसके लिए फोटोप्रोटेक्शन और सनस्क्रीन बेहतर रहती है। आपको विशिष्ट उपचार के लिए त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए और केमिस्ट की ओवर-द-काउंटर दवाओं से बचना चाहिए।